वर्ष 23, अंक 218, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 3 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी, आय बढ़ाने पर भी हुए कई फैसले

## देशभर के किसानों को मोदी सराकर ने दी बड़ी सौगात

**नई दिल्ली**

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पहला है डिजिटल कृषि मिशन। इसे कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। कुछ अच्छे पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और हमें सफलता मिली है। केंद्र सरकार ने सोमवार को 2,817 करोड़ रुपये के डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसे कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है और कहा कि कुल 2,817 करोड़ रुपये के निवेश के साथ देश में डिजिटल कृषि मिशन स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट



बैठक में किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए 7 बड़े फैसले लिए गए हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पहला है डिजिटल कृषि मिशन। इसे कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। कुछ अच्छे पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और हमें सफलता मिली है। उस आधार पर कुल 2,817 करोड़ रुपये के निवेश से डिजिटल कृषि मिशन की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बताया कि दूसरा फैसला खाद्य एवं पोषण सुरक्षा से जुड़ा है।

हम अपने किसानों, अपने कृषि समुदाय को 2047 के लिए जलवायु-अनुकूल फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के लिए कैसे तैयार करें - इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम के लिए 6 स्तंभ स्थापित किए गए हैं जो 3,979 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने कृषि शिक्षा और प्रबंधन को सशक्त करने के लिए 2,292 करोड़ रुपये के प्रावधान वाले कार्यक्रम को स्वीकृति दी है। सरकार ने टिकाऊ पशुधन स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

## ममता बनर्जी का अपमान करोगे तो मां-बहनों की... TMC नेता के बिगड़े बोल

**कोलकाता**

**कोलकाता** की एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या पर कार्रवाई की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के एक समूह को धमकी देने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को पार्टी नेता और पूर्व पार्षद आतिश सरकार को निलंबित कर दिया। हाल ही में प्रसारित एक वीडियो में सरकार को एक राजनीतिक बैठक में प्रदर्शनकारियों को धमकी देते देखा गया था। धमकी जारी करते समय उन्होंने कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियों का इस्तेमाल किया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को धमकी देते हुए आगे कहा कि सावधान रहें,



टीएमसी के लोग सड़कों पर हैं और अगर हमने आपकी मां-बहनों की विकृत तस्वीरें आपके दरवाजे पर टांग दी, तो क्या आप उसे हटा पाओगे?

पार्टी ने सरकार को एक साल के लिए निलंबित कर दिया है। 9 अगस्त को कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दूसरे वर्ष की पीजी मेडिकल छात्रा के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के बाद, मामले को संभालने और प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया के लिए तृणमूल सरकार को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा।

## स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में बंद बिभव को भी SC से मिली राहत

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को सोमवार को जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की शिकायत पर 18 मई को कुमार को केजरीवाल के आवास से गिरफ्तार किया था।

आम आदमी पार्टी की तरफ से 23 महीने बाद विजय नायर को मिली जमानत को सत्य की विजय बताया



जाना अभी जारी ही था कि सुप्रीम कोर्ट से एक और बड़ी खबर आ गई। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार को सोमवार को जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की शिकायत पर 18 मई को कुमार को केजरीवाल के आवास से गिरफ्तार किया था।

दिल्ली पुलिस ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की शिकायत पर 18 मई को कुमार को केजरीवाल के आवास से गिरफ्तार किया था। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में मालीवाल ने आरोप लगाया था।


### अतंरिम सरकार को भी स्वीकार नहीं तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप

## भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहता है बांग्लादेश

**नई दिल्ली/बांग्लादेश**

हसन ने विश्वास जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि और अन्य जल-बंटवारे समझौतों को बातचीत के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जाएगा, लेकिन सुझाव दिया कि यदि कोई समझौता नहीं हो पाता है तो बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय कानूनी दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है, जल संसाधन सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है



कि ऊपरी-तटीय और निचले-तटीय देशों को पानी के वितरण पर अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। हसन ने विश्वास जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि और अन्य जल-बंटवारे समझौतों को बातचीत के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जाएगा, लेकिन सुझाव दिया कि यदि कोई समझौता नहीं हो पाता है तो बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय कानूनी दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है।

उन्होंने कहा कि मैंने (बांग्लादेश में) सभी संबंधित हितधारकों के साथ तीस्ता जल बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की है। हमने चर्चा की है कि हमें तीस्ता संधि के संबंध में प्रक्रिया और बातचीत को फिर से शुरू करने की जरूरत है। हमें गंगा संधि पर भी काम करना है।

## माता वैष्णो देवी मार्ग पर लैंड स्लाइड

### तीन की मौत, कई श्रद्धालुओं के दबे होने की आशंका

**जम्मू: जम्मू-कश्मीर से** एक बड़ी खबर सामने आ रहा है। यहां श्री माता वैष्णो देवी भवन मार्ग पर पंछी हेलीपैड के पास आज भूस्खलन हो गया। इस हादसे में तीनों श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। वहीं कुछ श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना है। इस हादसे के तुरंत बाद माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया है। अभी भी कई तीर्थयात्रियों के मलबे में दबे होने की आशंका है। बता दें कि पिछले दो दिन वैष्णो देवी में भारी बारिश हुई थी, जिसे भूस्खलन की वजह माना जा रहा है। स्थानीय



लोगों की मानें तो मौसम खराब होने की वजह से भूस्खलन हुआ है। लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है जिसकी वजह से यह भूस्खलन हुआ है । हिमकोट में रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है।

**पहाड़े से गिरे पत्थर**

माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हादसे की सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन की एक टीम मौके पर पहुंच गई और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रैक पर गिरे मलबे को देखा जा सकता है। बोर्ड ने कहा कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन ट्रैक पर पहाड़ से पत्थर गिरने और भूस्खलन की घटना हुई है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आपदा प्रबंधन टीम मौके पर पहुंच गई है।

**मौसम विभाग ने जारी की थी ये भविष्यवाणी**

बता दें कि रविवार को, मौसम विभाग ने 12 सितंबर तक जम्मू और कश्मीर में शुष्क मौसम की भविष्यवाणी की थी। हालांकि, इसमें कहा गया था कि केंद्र शासित प्रदेश में कुछ दिनों में कुछ स्थानों पर बारिश का एक छोटा दौर देखने को मिलेगा।

## तेजस्वी की नीतीश को चुनौती, पावर में है तो आरक्षण

**बिहार। बिहार** में सियासत गरमाई हुई है। आरक्षण के मुद्दे पर एनडीए सरकार जहां पहले से ही विपक्ष के निशाने पर है तो वहीं, अब आरजेडी ने राज्य में एनडीए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बिहार में आरक्षण का मुद्दा लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर बिहार की एनडीए सरकार विपक्ष के निशाने पर है और अब आरक्षण के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार के खिलाफ धरना दे दिया। इस दौरान तेजस्वी ने सीएम नीतीश



पर जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि आज मैं धरने पर बैठा हूं और नीतीश कुमार को ये बताना चाहिए कि नौवीं अनुसूची में आरक्षण को क्यों नहीं केंद्र सरकार डाल रही है? यही वजह है कि आज हम लोगों ने धरने पर बैठने का कार्यक्रम बनाया।

## सुब्रमण्यम स्वामी ने पीएम मोदी को बताया ट्रैपीज आर्टिस्ट, विदेश नीति पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली :** राज्यसभा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने एक बार फिर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। स्वामी ने इस बार पीएम मोदी की बार-बार विदेश यात्राओं की आलोचना करते हुए कई सवाल उठाए हैं।

बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक बार फिर पीएम मोदी पर हमला किया। स्वामी ने अमेरिका और चीन से भारत के रिश्तों के साथ-साथ पीएम मोदी की विदेश की यात्राओं को लेकर निशाना साधा।

## कास्टिंग काउच पर मुंह खोलने वाली सिमी रोजबेल की विदाई



**तिरुवनंतपुरम: मलयालम** फिल्म इंडस्ट्री की तरह कांग्रेस में कास्टिंग काउच का आरोप लगाने के बाद केरल कांग्रेस की नेता सिमी रोजबेल जॉन को पार्टी से निकाल दिया गया है। केरल कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अनुशासन तोड़ने के कारण सिमी रोजबेल की प्राथमिक सदस्यता रद्द कर दी गई है। सिमी पर विरोधी दलों के इशारे पर पार्टी की महिला कार्यकताओं की छवि खराब करने का आरोप भी लगाया। एक टीवी चैनल से बातचीत में सिमी रोजबेल ने बयान दिया था कि कांग्रेस में भी कास्टिंग काउच कल्चर है। यहां टैलेंट काम नहीं आता है और पार्टी के अंदर आगे बढ़ने के लिए पुरुषों को इम्प्रेस करने के लिए समझौते करने पड़ते हैं। एरनाकुलम की रहने वाली पूर्व कांग्रेस नेता सिमी रोजबेल ने विपक्ष के नेता वीडी सतीशन पर भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। जिसने गंभीर मुद्दा उठाया, उसे ही किया कांग्रेस से बाहर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में जस्टिस हेमा कमिटी की रिपोर्ट से खलबली मची है। अब कास्टिंग काउच और मीटू (टी ३ङ्क्ष) मूवमेंट की एंट्री केरल के पॉलिटिक्स में हो गई है। कांग्रेस से निष्कासित की गईं सिमी रोजवेल ने दावा किया था कि उनके पास ऐसे कई सबूत हैं जो सही समय पर सामने आएंगे। केरल कांग्रेस ने उनके टीवी इंटरव्यू के 24 घंटे के भीतर उनके खिलाफ एक्शन ले लिया। इस एक दिन में ही महिला कांग्रेस ने सिमी के खिलाफ शिकायत दे दी। केपीसीसी अध्यक्ष के सुधाकरम ने भी आनन-फानन में उनकी प्राथमिक सदस्यता खत्म कर दी और उनके खिलाफ ही जांच बैठा दी। कार्रवाई के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सिमी रोजबेल जॉन के आरोप निराधार हैं और केपीसीसी महिला कांग्रेस की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत की जांच करेगी।

### दोषी होने पर भी किसी का मकान कैसे ढहा सकते हैं?

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने क्यों की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली : सुप्रीम** कोर्ट देश के अलग-अलग राज्यों में बुलडोजर ऐक्शन को लेकर सोमवार को कड़ी टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने इससे जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का मकान सिर्फ इसलिए कैसे ढहाया जा सकता है कि वह एक आरोपी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशानिर्देश निर्धारित करने का प्रस्ताव रखती है।

**अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देंगे**

जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच ने



ध्वस्तीकरण कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर कहा कि भले ही कोई व्यक्ति दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। पीठ ने कहा कि हम अखिल भारतीय आधार पर कुछ दिशा-निर्देश निर्धारित करने का प्रस्ताव करते हैं, ताकि उठाए गए मुद्दों के संबंध में चिंताओं का समाधान किया जा सके।

**17 सितंबर को होगी अगली सुनवाई**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पुष्टि की कि क्रिमिनल एसोसिएशन के लिए संपत्तियों को ध्वस्त नहीं किया जा सकता है। सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि किसी व्यक्ति की कोई भी संपत्ति केवल इसलिए ध्वस्त नहीं की जाती कि वह किसी आपराधिक मामले में शामिल है या दोषी ठहराया गया है।

## पत्रकार को भारी पड़ गया सोनिया-राहुल के खिलाफ फर्जी खबर फैलाना, कांग्रेस ने लिया एक्शन

**बेंगलुरु**

**बेंगलुरु** पुलिस ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के बारे में गलत सूचना प्रसारित करने के आरोप में बांग्लादेशी पत्रकार सलाह उद्दीन शोएब चौधरी और एक भारतीय समाचार पोर्टल के एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ङढउउ) के सदस्य श्रीनिवास जी की शिकायत के बाद हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चौधरी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें सोनिया गांधी को एक विदेशी जासूसी एजेंसी से गलत तरीके से जोड़ा गया था।

बाद में इस पोस्ट को पोर्टल की एक कर्मचारी अदिति द्वारा समाचार पोर्टल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया। श्रीनिवास जी ने दावा किया कि इस पोस्ट का उद्देश्य गांधी परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी भड़काना था।

## कन्नौज रेप कांड: नवाब सिंह यादव DNA टेस्ट मामले में फंसे अखिलेश!

### BJP ने पूछा क्या अब माफी मांगेंगे सपा प्रमुख?

**लखनऊ/कन्नौज: उत्तर** प्रदेश के कन्नौज रेपकांड मामले में बड़ा खुलासा हो गया है। कन्नौज रेपकांड के आरोपी सपा नेता नवाब सिंह यादव का डीएनए सैंपल पीड़िता से मैच हो गया है। इस तरह पीड़िता की ओर से सपा नेता पर रेप का लगाया गया, आरोप सही साबित हुआ है। उधर डीएनए की पुष्टि होने के बाद रेप के आरोपी नवाब सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वहीं इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जोरदार हमला बोल दिया है। बीजेपी प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने कहा कि क्या श्रीमान अखिलेश यादव मांफी मांगेंगे।

बीजेपी प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने कहा कि जिस नवाब ब्रांड को बचाने के लिए आखिलेश यादव तमाम हथकंडे अपना रहे थे। वो डीएनए टेस्ट और नार्को टेस्ट कराने की मांग कर रहे थे। आज उस नवाब ब्रांड का डीएनए मैच कर गया



है। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि अब उस बलात्कारी को बचाने के लिए अखिलेश यादव क्या कहेंगे। इसके साथ ही आलोक अवस्थी ने कहा कि मोईद खान ने अयोध्या की नाबालिक बेटी के साथ बलात्कार किया और गर्भ ठहरा दिया है, उसकी रिपोर्ट भी आने वाली है। उन्होंने कहा कि अखिलेश की पार्टी का जो पुराना स्टैंड रहा है, बलात्कारियों को लेकर कहते थे कि लड़के है लड़को से गलती हो जाती है।

**नवाब सिंह यादव मामले में अखिलेश फंसे!**

वहीं कन्नौज रेप कांड को लेकर बीजेपी प्रवक्ता ने सपा मुखिया से पूछा कि अब डीएनए टेस्ट मैच हो जाने के बाद क्या श्रीमान अखिलेश यादव मांफी मांगेंगे। बता दें, पीड़िता की ओर से आरोप लगाए जाने के बाद नवाब सिंह यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट के आदेश पर आरोपी नवाब सिंह का डीएनए टेस्ट कराया गया था। टेस्ट में नवाब सिंह का सैंपल मैच होने की बात कही जा रही है। ऐसे में नवाब सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ना तय मानी जा रही है। पुलिस भी डीएनए टेस्ट की जांच रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ा सकती है। सपा नेता नवाब सिंह यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। वहीं अयोध्या के बाद कन्नौज की घटना के सामने आने के बाद से ही बीजेपी ने समाजवादी पार्टी पर लगातार हमलावर है।

## वेतन रोकने के फैसले पर हिमाचल के मुख्यमंत्री ने कहा, कोई आर्थिक संकट नहीं

**शिमला। हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश की खराब वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए खुद व मंत्रियों के वेतन भत्ते दो महीने के लिए रोकने का ऐलान किया था। इस फैसले के बाद प्रदेश में राजनीतिक बवाल मचा था।

इस पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कोई आर्थिक संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अनुशासन और सुधारात्मक कदम के तहत लिया गया था और इसका राजनीतकिरण किया जा रहा है।

# अनिकेत स्माइल फाउंडेशन कार्यालय का हुआ उद्घाटन, किया जागरूक

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज अनिकेत स्माइल फाउंडेशन जसरा कार्यालय उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। संस्था गरीब कैंसर पीड़ित की सहायता करती है और समाज में कैंसर के प्रति जन जागरूकता फैलाकर लोगो को कैंसर से बचाना।जसरा क्षेत्र में कैंसर जैसी घातक बीमारी के बढ़ते प्रकोप को लेकर समाजसेवी संस्था ने जसरा में कार्यालय स्थापित किया है। जिसमें सामाजिक संस्थाओं के वरिष्ठ कार्यकर्ता ने शिरकत करते हुए अपने अपने विचार सांझा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रयागराज के प्रतिनिधि एडीएम प्रशासन राजेश सिंह ने कहा कि पूरे देश में कैंसर का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में होने वाली मौत के मुख्य कारणों में कैंसर का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है जो कि चिंता का विषय है। ऐसे मामले में अनिकेत स्माइल फाउंडेशन जैसे अन्य सामाजिक संस्थाओं का फर्ज बनता है कि वे आगे आएं और लोगों में जागरूकता पैदा करें। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रबंधक मोती लाल नेहरू पीजी कॉलेज कौंधियारा राजेन्द्र कुमार मिश्र बबुआन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कैसर एक भयावह सच है ऐसे मामलों में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका अपरिहार्य है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ मणिशंकर द्विवेदी ,डॉ अखिलेश कुमार द्विवेदी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं डॉ एकता चतुर्वेदी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ बद्री विशाल (ईएमओ एसआरएन),वेद प्रकाशाचार्य जी महाराज, रामानन्द त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, अम्बुज त्रिपाठी, डॉ विक्रम शुक्ल, मनीष कोटार्य, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कोटार्य, राकेश यादव, वरिष्ठ समाज सेविका निशा मिश्रा, अनिल कुमार मिश्र, सचिव अमृता चतुर्वेदी, डॉ विनोद तिवारी,वरिष्ठ समाज सेविका निशा मिश्रा, अनिल कुमार मिश्र, सचिव अमृता चतुर्वेदी सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मऊआइमा के रितिकेश ने नीट की परीक्षा तीसरी बार में मारी बाजी ,क्षेत्र में खुशी की लहर



**मऊ आइमा।** मऊआइमा इलाके के जमखुरी गांव निवासी रितिकेश आनंद मिश्र ने तीसरे प्रयास में नीट की परीक्षा पास करके सफलता प्राप्त की है। रितिकेश फाफामऊ स्थित शिव गंगा इंटर कॉलेज में इंटर तक की पढ़ाई की । उसके बाद ऑनलाइन क्लास से नीट की तैयारी करके सफलता प्राप्त की । उनकी माता बीएसएनएल कम्पनी में पति के स्थान पर नौकरी कर रहीं हैं। उनके पति अजीत कुमार की 2016 में मृत्यु हों गई थी। रितिकेश दो बहने दिव्या आनन्द एंव ज्योतिमा आंनद से छोटा और एक भाई स्वप्निल आनंद से बड़ा है। इस मौके पर चाचा पवन कुमार, पूर्व मंत्री बाबूलाल भंवरा,फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, सोरांव विधायिका गीता पासी,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज शमी,प्रधान प्रतिनिधि सरताज आलम, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुधीर मौर्य,जिला पंचायत सदस्य अंकेश पटेल, समाजसेवी न,किसान नेता राज कुमार पटेल,सुनील पटेल, संजय पटेल, प्रधान मो.दानिश , सुरेंद्र सरोज आदि शामिल रहे।

# शिक्षा मित्रो का उत्पीड़न बर्दास्त नही : अनिल कुमार यादव



**उतरांव।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ब्लाक इकाई धनूपुर की अति आवश्यक बैठक दिनांक 30 अगस्त को प्रविति मैरिज हॉल मोहम्मदाबाद मे की गई जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक संयोजक अनिल कुमार यादव ने किया और संचालन ब्लाक के पूर्व मंत्री श्याम सूरत यादव ने किया । अध्यक्षता कर रहे अनिल यादव ने कार्यकारिणी के समक्ष उपाध्यक्ष पद के लिए धर्मेंद्र मिश्र का प्रस्ताव रखा जिसमें उपस्थित सभी शिक्षामित्र सर्वसम्मत से धर्मेंद्र मिश्र को उपाध्यक्ष मनोनीत किया इसके बाद सभी शिक्षा मित्रो से आहवान किया कि आगामी 5 सितम्बर को अपने सर पर कफन बांध कर निकले इसबार लड़ाई आर पार की होगी । सचालन कर रहे पूर्व मंत्री श्याम सूरत ने कहा कि सरकार के गलत नीतियो एवं लिखित समझौता कर के भी वादा खिलाफी किया जो कि अति निंदनीय है । 5 सितम्बर की तैयारी हेतु ब्लॉक के अध्यक्ष ओमप्रकाश और मंत्री नंदलाल यादव कोषाध्यक्ष नागेंद्र कुमार चौधरी ने लखनऊ में बढ़ चढ़कर चलने का आह्वान किया कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से उपस्थित - चरण सिंह, रतीश सिंह, राम सिंह, मिथिलेश जायसवाल ,रमेश कुमार गौतम, उषा ,रीता मौर्य, रीता शर्मा ,शारदा मौर्य, इंद्रजीत यादव ,भंवर सिंह यादव पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## बैठक कर पीएम आवास के लिए शासन द्वारा जारी नई गाइड लाइन से लोगों को किया गया जागरूक



**मेजा।** उरुवा विकासखण्ड के सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे 2024 के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम व खंड विकास अधिकारी उरुवा मनोज कुमार ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में नई स्कीम को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व के पीएम आवास योजना में बदलाव हुआ है। जिसके मद्देनजर लेकर बैठक आहूत की गई है। बता दें कि शासन द्वारा जारी की गई नई गाइड लाइन के बाबत लोगों को जागरूक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, एडीओ पंचायत दिनेश चन्द्र पाठक, जेई एमआई प्रदीप अवस्थी, बृजेश तिवारी, संदीप तिवारी आवास बाबू सहित उरुवा विकासखण्ड के समस्त ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने फेरी एवं पूजा कर पति के लंबी उम्र की कामना की



**सहसों।** धर्म एवं पुराणों के अनुसार सोमवती अमावस्या पर सनातनी सुहागिन महिलाएं पति एवं पुत्र के दीघार्यु की कामना के लिए पीपल के वृक्ष में पूजा, अर्चना कर कच्चे सूत के साथ परिक्रमा किया। अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाएं सोमवती अमावस्या तिथि पर भोर में ही स्नान ध्यान के पश्चात पीपल के वृक्ष में जलाभिषेक, पुष्प, अक्षत, हल्दी फूल के अतिरिक्त सुहाग की सामग्री चढ़ा कर पति एवं पुत्र के दीघार्यु की कामना किया। महिलाओं ने कच्चा धागा से पीपल वृक्ष में परिक्रमा करते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की। सोमवार को ललचहां दुर्गा मंदिर, सिगरामऊ, रामनाथ पट्टी, बसमहुआ आदि स्थानो पर भारी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना करते हुए कच्चा सूत्र से परिक्रमा कर पति व पुत्र के दीघार्यु व सुख समृद्धि की प्राप्ति के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


## सोमवती अमावस्या पर मंदिर में एक जोड़े ने लिया सात फेरे



**सहसों।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर शक्तिपीठ दुर्गा धाम देवनहरी के प्रांगण में सीहीपुर गांव निवासी माता रानी का भक्त अजय कुमार के साथ चांदनी ने सात फेरे लेकर विवाह रचाया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी मुन्ना दुबे गुरु जी ने दोनों वर वधु को वैदिक रीति रिवाज से माता रानी के समक्ष अग्नि के सात फेरे के साथ विवाह को संपन्न कराया पश्चात दोनों वर वधु को आजीवन सुखमय वैवाहिक जीवन जीने का आशीर्वाद दिया। शादी जय माता दी प्लाटर्स एंड डेवलपर्स के सहयोग से संपन्न हुआ। शादी में वर वधु को मंदिर के सहयोग से गृह उपयोगी वस्तुएं पलंग, अलमारी, टीवी, पंखा, कूलर आदि दान स्वरूप भेंट किया गया। इस मौके पर प्रमोद शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, रंजन त्रिपाठी, अनिल सरोज, पवन श्रीवास्तव, दिनेश पण्डा, निरंजन काका, ऋतिक, राज आदि ने शादी मे विशेष सहयोग एवं नव दंपति को अपनी शुभकामना देते मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### भारतगंज पुराना सागर तालाब पर लगे स्ट्रीट लाइट का अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन



**मांडा।** यमुनापार का द्वितीय भारतगंज नगर पंचायत पुराना सागर तालाब के किनारे लगे स्मार्ट विद्युत पोल का सोमवार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शकील टंकी के कर कमलों उद्घाटन किया। इस योजना के तहत तालाब के आसपास के क्षेत्र में विद्युतीकरण कराया गया' वही कस्बे को सुंदरता एवं चार चांद लगा कर आकर्षण का केन्द्र बना है। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि पुराना सागर तालाब को शासन की सुंदरीकरण योजना में चयनित किया गया है, जिसके तहत यहां विद्युतीकरण कराया गया है। उन्होंने कहा कि यहां के विकास के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं और इसी क्रम में सोमवार को स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन किया गया ' अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी कि भी तारीफ करते हुए समाजसेवी शांति भूषण द्विवेदी ने कहा कि आमिर टंकी के सहयोग और मार्गदर्शन से यह परियोजना सफल हो पाई है। उन्होंने कहा कि आमिर टंकी की दूरदर्शिता और प्रयासों के कारण ही भारतगंज कस्बा विकास की पथ पर आगे बढ़ रहा हैं।

### खेल मैदान का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन



**कोरांव।** ब्लॉक कोरांव के ग्राम पंचायत टीकर में ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा आदि मद से निर्मित खेल कूद मैदान का सोमवार को मुकेश कोल ब्लॉक प्रमुख कोरांव ने फीता काट कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने ग्राम प्रधान और ग्राम वासियों को उक्त विकास कार्य की होंसला आफजाई की। अतिथियों का ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री देवी यादव और उनके पति प्रधान प्रतिनिधि के पी यादव ने स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष रामानुज यादव,सहित क्षेत्रीय जन ग्राम सभासद आदि उपस्थित थे।

### कोरांव में एक और मिली महिला की लाश, सिनाख़्त नहीं हुई लाश पोमा भेजी गई



**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम छड़ीगढ़ा के निकट नदी किनारे एक अज्ञात युवती की लाश बरामद हुई। उक्त लाश की सूचना ग्राम के लोगों ने पुलिस को दी। कोरांव पुलिस ने उक्त बुरी तरह मार कर फेंकी गई शव को पोमां के लिए भेज दिया। सिनाख़्त नहीं हो पाई। चर्चा है कि उक्त लाश किसी आस पास के गांव की ही है। लोगों ने फरार कुछ युवतियों महिलाओं के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है कि कहीं उसी में से को उक्त लाश नहीं है।

### धरा को हरा भरा बनाने हेतु पौधारोपण आवश्यक- कपिल देव तिवारी



**जंघई।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग जौनपुर द्वारा मॉडल गांव घोषित चौकी कला मोलनापुर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में भूमि संरक्षण अधिकारी जौनपुर के निर्देश पर सोमवार को कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात वरिष्ठ भूमि संरक्षण कर्मचारी कपिल देव तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं ये हमारे जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छाया देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है पौधारोपण सबकी जिम्मेदारी है हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तभी जीवन स्वस्थ्य रहेगा। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं। वरिष्ठ कर्मचारी मंगला प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इसे गंभीरता से समझना होगा और हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा। उपस्थित छात्र छात्राओं को प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली के बारे में जागरूक किया गया पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे।

### मजदूर की हत्या में नाबालिक सहित दो गिरफ्तार

**झूंसी।** कोहना निवासी राजू की हत्या के मामले में पुलिस ने सोमवार को एक नाबालिक सहित दो को गिरफ्तार किया। हप्ते भर पहले तीन लोगों ने राजू के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज छतनाग कपिल कुमार चहल ने फोर्स के साथ पानी की टंकी के पास से मांडा के किकरी गांव निवासी अन्नू भारतीया व एक नाबालिक को गिरफ्तार किया। श्रमिक दिलीप की हत्या में दोनों नामजद थे।

# चौकी क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाना ही प्राथमिकता : अंकुश कुमार

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा कोतवाली के मेजारोड पुलिस चौकी की अंकुश कुमार को कमान सौंपी गई है। नवागंतुक चौकी प्रभारी ने सोमवार को शाम मेजारोड बाजार में अपने दल बल के साथ पैदल गश्त कर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दो पहिया वाहनों की चेकिंग की गई।एक बाइक पर तीन सवारी, बिना हेलमेट के चालकों पर पुलिसकी विशेष नजर रही।जबकि चार पहिया वाहनों की चेकिंग में सीट बेल्ट लगाने व यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। पुलिस के पैदल गश्त से चौराहे पर वाहन संचालकों में हड़कंप मचा रहा। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात चौकी प्रभारी अंकुश कुमार ने कहा कि मेजारोड बाजार में आए दिन हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने एवं चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ कर सलाखों के पीछे पहुंचना प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि मेजारोड बाजार कीव्यवस्थाओं पर पुलिस बराबर एक्टिव रहेगी और रात गस्त में विशेष नजर रहेगी। चोर उचक्कों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अराजकता फैलाने वालों को सलाखों के पीछे करने का काम किया जाएगा। इस दौरान उपनिरीक्षक लल्लन वर्मा, उपनिरीक्षक राम बिलाश सिंह, कांस्टेबल जलील अहमद, अखिलेश यादव, अमित कुमार, प्रांशु कुमार सहित कई अन्य पुलिस कर्मी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## चौकी इंचार्ज की वसूली पर दंडित हो गए कोतवाल धन्य है कौशांबी पुलिस महकमें की व्यवस्था

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के दीवर गांव में पुलिस चौकी दीवर के सामने तीन जगह पर बीते कई वर्षों से खुलेआम गाँजा की बिक्री होती है जहां एक अपराधी गांजा बेचता है तो वही एक महिला गाँजा बेचती है इसका पति पेशेवर गाँजा कारोबारी था इसके अलावा भी एक गोमती से गाँजा बिकता है एक पूर्व प्रधान पर भी गांजा बेचने का आरोप है पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर गाँजा बिकने के मामले के बाद चौकी इंचार्ज का बाल बांका नहीं हुआ लेकिन खबर चलाए जाने के बाद कोतवाल लाइन भेज दिए गए हैं आखिर गांजा बेचने और गांजा की वसूली में चौकी पुलिस का नाम जुड़े होने के बाद चौकी पुलिस पर कार्यवाही नहीं की गई है चौकी पुलिस के कारनामे यही नहीं खत्म होते हैं इलाके के कम से कम 100 शराब की भट्टियों से चौकी पुलिस की प्रत्येक महीने 3 हजार की वसूली होती है पूरे प्रतिदिन ओसा रोड के आगे नहर के पास सड़क पर खड़े होकर बालू वाहनों को जांच करने के नाम पर चौकी पुलिस बड़ी वसूली कर रही है लेकिन उसके बाद चौकी पुलिस पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है चौकी पुलिस को किस नेता का संरक्षण मिला है जिससे उनकी वसूली के बाद भी कार्रवाई करने का साहस पुलिस अधिकारी नहीं कर पाते हैं।

## कोरांव सीएचसी में वर्चस्व को ले कर चिकित्सकों में मतभेद

### मुस्लिम अल्प सख्यक अधीक्षक की लोकप्रियता से कुछ डाक्टर परेशान


**कोरांव।** सामुदाईक चिकित्सालय कोरांव में इन दिनों आपस में एक दूसरे को नीचा दिखाने अथवा बदनाम कराने का षड्यंत्र चलता दिख रहा है। क्योंकि उक्त अस्पताल के चेयर पर्सन अधीक्षक एक अल्प संख्यक मुस्लिम हैं। और उनकी लोक प्रियता से मरीजों की लंबी लाइन उन्ही के चेंबर में देखी जाती है।

दरअसल अधीक्षक डाक्टर मोहम्मद समीम अख्तर जब अन्य असपतालों में जहा जहा। तैनात रहे वहां वहां उनकी कार्यशैली और व्यवहार से मरीज अधिक संतुष्ट थे, कई वर्ष तक मेजा सरकारी असप्ताल में रहने के बाद विभाग ने कोरांव में तैनात किया। चर्चा है कि जब से समीम अख्तर ने ज्वाइन किया है तब से अस्पताल में काफी कुछ बदलाव आया है और अधीनस्थ लोगों पर निगरानी रखी है जिससे कुछ डॉक्टर्स को उनकी लोकप्रियता पच नहीं रही है। अधीक्षक के साथ साथ एक अच्छे गुणों वाले विशेषज्ञ चिकित्सक भी हैं जिनके पास मरीजों की संख्या अधिक रहती है। गरीबों की मदद भी करते हैं। चिकित्सा सेवा में अनुभवी के कारण छोटा बड़ा हर तबका का मरीज उनसे प्रामर्श और उपचार कराने लगा है। जिस वजह से कुछ चिकित्सक एक दूसरे से शिकवा शिकायत करते कराते हैं और मनगढ़ंत आरोप लगवा कर बदनाम करते कराते हैं। जिस आधार पर कुछ कथित पत्रकार भी तोड़ मरोड़ कर खबरें छपवाते रहते हैं। जिससे अधिछक की लोक प्रियता घटे। क्योंकि कुछ लोगों की दुकाने उनके कारण बंद दिख रही है।

# अनगिनत हादसों और मौतों का जिम्मेदार कौन!

**अझुवा कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले शहरों,कस्बों,गांवों के तिराहों ,चौराहों पर यातायात का खासा दबाव पड़ता है और आए दिन सड़क हादसे होते हैं इसके दृष्टिगत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एन एच आई) सड़क चौड़ीकरण एवम सेतु निगम ओवर ब्रिज फ्लाईओवर का निर्माण करती है। कानपुर और प्रयागराज के बीच नगर पंचायत अझुवा है यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन रात यातायात का दबाव रहता है दो जगह भोला चौराहा और टांडा मोड़ कट होने,2 दिन बड़ी सप्ताहिक बाजार लगने और बस्ती घनी होने के कारण भीड़ भाड़ लगी रहती है।यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज भी सड़क चौड़ी करण और दुर्घटनाओं से बचाने हेतु ओवर ब्रिज य फ्लाई ओवर का निर्माण नही हो सका नगर पंचायत अझुवा और क्षेत्रीय बाशिंदे दुर्घटनाओं और असमय मौत के गाल में समा रहे हैं पिछले 11माह का लेखा जोखा उठाएं तो मात्र अझुवा बस्ती के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में आधा दर्जन से ज्यादा मौतें और अनगिनत सड़क हादसे हुए हैं जिनमें 2023 सितंबर माह में तौफीक,तौहीद हथगाम निवासी युवकों को अज्ञात ट्रक ने कुचल दिया था,नवंबर 2023में ज्ञान चंद्र मौर्य निवासी अझुवा की अज्ञात वाहन से मौत, अझुवा फल वाली गली के सामने हाईवे पर राजेश पुत्र शिवप्रसाद की मौत,पेट्रोल पंप अझुवा के सामने हाईवे पर पहाड़पुर कोदन निवासी महिला की अज्ञात वाहन से मौत,21 फरवरी 2024 को वार्ड नंबर 1 निवासी आकाश चंदेल पुत्र केवल सिंह की मौत,24 अगस्त 2024 रानू पुत्र अशोक निवासी धुमांई की राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा में विभत्स मौत और अनगिनत दर्द नाक वीभत्स हादसे हुए हैं नगरवासियों और क्षेत्रीय लोगों के अनुसार यदि फ्लाई ओवर या पुल बना हो तो हादसों में रोक लग सकती है। नगरवासियों ने बताया कि मार्च 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार में आए देश के सड़क परिवहन राजमार्ग कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी ने सभा के दौरान एक पिलर एलिवेटेड पुल का वादा किया था जो वादा ही रह गया जबकि 2022 विधानसभा चुनाव में अझुवा मंडल में सर्वाधिक मत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी केशव प्रसाद मौर्य को मिले थे फिर भी अझुवा नगरवासियों से सौतेला व्यवहार करते हुए न तो राष्ट्रीय राजमार्ग में पुल बना न तो फ्लाई ओवर।

### अझुवा वासियों से सरकार का सौतेला व्यवहार, नहीं बना अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज या फ्लाई ओवर



# आयोजित हुई पीएमवाईजी 24 की खंड स्तरीय उन्मुखीकरण गोष्ठी



**जसरा।** विकास खंड जसरा में पीएमवाईजी 24 की खंड स्तरीय उन्मुखीकरण गोष्ठी खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद की अध्यक्षता में की गई। बैठक में बीडीओ श्री अहमद ने ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत मोटर चालित तीन / चार पहिया का स्वामी,यंत्रीकृत तीन/ चार पहिया कृषि उपकरण का स्वामी, पचास हजार या उससे अधिक के किसान क्रेडिट कार्ड धारक, वह परिवार जिनमें कोई भी सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के साथ पंजीकृत गैर उद्यमों वाले परिवार, परिवार का कोई भी सदस्य 15 हजार रुपए से अधिक कमाता हो, परिवार में आयकर चुका रहे हों, परिवार द्वारा प्रोफेशनल टैक्स चुका रहे हों,ढाई एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि हो या पांच एकड़ या अधिक असिंचित भूमि का मालिक होने पर वह सब अपात्रता की सूची में रहेंगे। बीडीओ ने सभी ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बताया कि अपने अपने गांवों में नये मानकों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास की सूची बनवायें। अन्यथा कि स्थिति में अपात्र माने जाएंगे। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विनोद द्विवेदी, मानवेन्द्र सिंह, राजेश शर्मा, विज्ञान प्रभाकर शुक्ल, प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल, राजरूप सिंह, हीरामन सिंह,बृजेश सोनकर, आशीष सोनकर, सुरेन्द्र सोनकर, विजय बहादुर पटेल सहित दर्जनों प्रधान व बीडीसी सदस्य गण मौजूद रहे।

# सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

## सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए पूजा की, पीपल की फेरी लगाई





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के हंडिया तहसील अंतर्गत आने वाले पौराणिक स्थल लाक्षागृह गंगा घाट पर सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर ब्रह्म मुहूर्त से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई 'सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर भोर से ही श्रद्धालु पौराणिक स्थल लक्षागृह गंगा घाट पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए भारी भरकम भीड़ के साथ आना शुरू कर दिए थे ' ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालुओं में गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हुए दान पूर्ण किया 'भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए घाटों को पहले से ही चुस्त और दुरुस्त कर दिया गया था ' इसके साथ ही दूर दराज से गंगा स्नान करने आए लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े और भीड़ को काबू करने के लिए हंडिया पुलिस मौके पर तैनात रही 'पौराणिक कथाओं की मान्यता के अनुसार आज के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए स्नान करके पीपल वृक्ष के नीचे फेरी लगाते हुए पूरे विधि विधान के साथ पूजा पाठ करती है ' महिलाएं अपने पति और परिवार के लंबी उम्र की कामना करती हैं।

अति आवश्यक सूचना कल निम्नांकित फिडरो का विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

## आज गोलपार्क के पास में रोड चौड़ीकरण को लेकर विद्युत आपूर्ति रहेगी बधित

**प्रयागराज।** मंगलवार को कल्याणी देवी सब स्टेशन गोल पार्क के पास में रोड चौड़ी कारण करने को लेकर रास्ते में आ रही 11 केवी लाइनों को स्थानांतरित करने के लिए पीडीए द्वारा विभिन्न फीडरों का शटडाउन लिया जाएगा । बताते चलें कि 11केवी डॉक्टर बनर्जी रोड की लाईट तकरीबन समय 11बजे से 01 बजे तक बाधित रहेगी। तथा अन्य क्षेत्रों की लाईट का समय ,अटला फर्स्ट एवं सेकंड, वाटर वर्क्स फर्स्ट एवं सेकंड का समय 11:00 बजे से 3:00 बजे तक , ककहरा घाट फर्स्ट एवं सेकंड वाटर फर्स्ट एंड सेकंड समय 15बजे से17 बजे तक बाधित रहेगी।

# नए अध्यक्ष के आते ही दो साल से लंबित भर्तियों को मिलेगी रफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को पहला स्थायी अध्यक्ष मिलने के बाद दो साल से लंबित पड़ी भर्तियों को रफ्तार मिलेगी। वहीं, दो साल से उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को भी जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। अध्यक्ष की नियुक्ति न होने के कारण आयोग से जुड़े सभी नीतिगत निर्णय अटके हुए थे।अभ्यर्थियों का मानना है कि गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रो. कीर्ति पांडेय खुद शिक्षा जगत से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में वह शिक्षा विभाग में भर्तियों को पूरी गंभीरता से लेंगी और नियुक्ति के बाद जल्द ही लंबित भर्ती परीक्षाओं की तिथियां घोषित करेंगी। अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 पदों और अशासकीय विद्यालयों में

### यूपीटीईटी के लिए भी खत्म होगा इतंजार



सहायक अध्यापक (टीजीटी)/प्रवक्ता (पीजीटी) के 4163 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया अगस्त-2022 में पूरी हो चुकी है। टीजीटी-पीजीटी के लिए 13.19 लाख और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 1.14 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन कर रखे हैं।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का मंत्री ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मंत्री, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश राकेश सचान ने सोमवार को सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, पुलिस आयुक्त तरूण गाबा, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल के साथ इफ्को फूलपुर में मुख्यमंत्री जी के 04 सितम्बर के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का भ्रमणकर वहां पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री जी ने मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के दृष्टिगत जनसभा पण्डाल, रोजगार मेला व ऋण वितरण स्थल, बैठक स्थल पर की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के साथ-साथ हेलीपैड स्थल, पार्किंग स्थल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित कर लिए जाने के लिए निर्देशित किया है।मंत्री जी ने इसके पूर्व सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत रूप से विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित किए जाने के लिए कहा है।



## आशीष केसरवानी को बनाया गया गंगापार का सदस्यता प्रमुख

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गंगापार के जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी को संगठन की तरफ से अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने सदस्यता अभियान को नई गति के साथ सफल बनाने के लिए आशीष को गंगापार का सदस्यता प्रमुख बनाया गया है। आशीष केसरवानी ने बताया कि हर बूथ पर दो सौ नए सदस्यों को जोड़ना है। ताकि भविष्य में देश व प्रदेश में भाजपा इसी तरह अपना परचम लहराती रहे।

# 21वीं पशुगणना का कार्य प्रारम्भ

## 01 सितम्बर से दिसम्बर, 2024 तक होगी पशुओं की गणना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि भारत सरकार के निर्देश पर दिनांक 01 सितम्बर, 2024 से दिसम्बर, 2024 तक 21वीं पशुगणना का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है, जिस हेतु जनपद में पशुगणना हेतु पशुपालन विभाग के 300 गणनाकर्ता द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया जायेगा, जिनका पर्यवेक्षण 50 पर्यवेक्षणकर्ता (पशुचिकित्सा अधिकारियों) के माध्यम से कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, अतएव जनपद के समस्त सम्मानित पशु पालकों/ नागरिकों से अनुरोध है कि गणनाकर्ता द्वारा चाही गयी जानकारी को उन्हें उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे समयान्तर्गत जनपद में पशुओं की सही गणना हो सके, जिससे भविष्य में आने वाली योजनाओं से पशुपालकों/ नागरिकों को लाभान्वित किया जा सके।

## पशु विभाग ने पशुगणना के लिए दिया प्रशिक्षण

**सोरांव।** सोमवार को स्थानीय राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में मास्टर ट्रेनर डॉक्टर राम जी यादव द्वारा इक्कीसवीं पशु गणना की ट्रेनिंग दी गई। इस कार्यक्रम में दर्जनों पशु गणना कर्ता और सुपरवाइजर प्रतिभाग लिए। इस ट्रेनिंग का संचालन राजकीय पशु चिकित्सालय के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर रेवती प्रसाद ने किया। डॉक्टर रेवती प्रसाद ने उपस्थित सभी प्रशिक्षण कर्ता को अपने क्षेत्र में रहकर ईमानदारी और वफादारी से सरकार की योजनाओं को पशुपालकों को बताना और साथ ही पशुओं की गणना के बारे में जानकारी संग्रह करने की बात कही है। इस मौके पर डॉक्टर पालक त्रिपाठी,डॉक्टर उदित नारायण, डॉक्टर आशीष कुमार, डॉक्टर सुनील कुमार, डॉक्टर आशीष कुमार, डॉक्टर आलोक कुमार, डॉक्टर राजेश कुमार, फर्माशिष्ट डॉक्टर अमृत लाल, परिचारक सदाकांत संग दर्जनों लोग रहे।



# बाबा बोलन नाथ धाम का दो दिवसीय मेला 8 व 9 सितम्बर को, तैयारियां जोरो पर



**मेजा।** पूर्व की भांति इस वर्ष भी मेजा खास स्थित बाबा बोलन नाथ धाम का दो दिवसीय मेला 8 व 9 सितम्बर को आयोजित होना निश्चित हुआ है, जिसको लेकर अभी से तैयारी जोरों पर चल रही हैं। उल्लेखनीय है कि यह मेला विगत कई वर्षों से लगता चला आ रहा है। मेजा खास की श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि मेले की तैयारी लगभग 15 दिनों से चल रही हैं। जिसमें दुकानदारों को साफ- सफाई, पानी व बिजली की सुविधा मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही साथ सफाई का ध्यान रखा जाएगा और प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में दर्शनार्थियों के आकर्षण का केंद्र ड्रैगन, बड़ा झूला, डिस्को डांस इत्यादि प्रकार के मनोरंजन साधन रहेंगे। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों से मेले में पहुंचकर बाबा भोलेनाथ धाम का दर्शन कर पुण्य प्राप्त करने तथा मेले का लुफ्त उठाने की अपील किया है।

## एएनएम को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**मांडा।** गेरुआडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एएनएम प्रियंका पुत्री रतन सिंह को अज्ञात व्यक्ति ने फोनकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता प्रियंका जिला ललितपुर, थाना वालाबेहट, गांव सेमर की निवासिनी हैं और मांडा थाना क्षेत्र में पीएचसी पर तैनात हैं। और बताया कि उन्हें कई दिनों से अज्ञात नंबर से धमकी मिल रही थी। उन्होंने कहा कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज की। प्रियंका ने इस घटना की तहरीर पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। इंस्पेक्टर मांडा ने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और स्वास्थ्यकर्मी की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस घटना ने स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्यकर्मी अपने काम के दौरान जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा करते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जाते हैं। पुलिस को इस घटना की जांच में तेजी लानी चाहिए और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करना चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# विधानसभा उपचुनाव में पूरी ताकत से जुटेगा अपना दल

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यूपी में दस विधानसभा की सीटों पर होने वाले उप चुनाव में अपना दल एस के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुटेंगे और एनडीए के प्रत्याशियों को विजयी बनाएंगे। सिंबल चाहे जो हो और टिकट चाहे जिसको मिले, अपना दल के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के साथ रहेंगे।सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं अनुप्रिया पटेल ने पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। उनका जिले में कई स्थानों पर कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि 17 अक्तूबर को अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। आज की बैठक में इसकी रूपरेखा तैयार की गई है। पत्रकारों ने सवाल किया कि अपना दल के कार्यकर्ता कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तो वह सवाल को टाल गईं और कहा कि एनडीए के उम्मीदवार ही चुनाव लड़ेंगे। उनकी पार्टी पूरी ताकत और निष्ठा के साथ उम्मीदवारों को जिताने के लिए जोर लगाएगी।यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने भी कहा कि उप चुनाव में टिकट किसको मिलेगा यह एनडीए के नेता आपस में बैठकर तय करेंगे। फिलहाल अपना दल के कार्यकर्ता एनडीए उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत लगाएंगे। सभी दस सीटों पर एनडीए की जीत होने वाली है।



**हाईकोर्ट समाचार**

## आजम खान मामले में हाईकोर्ट ने फैसला रिजर्व किया

### जौहर यूनिवर्सिटी में मशीन बरामदगी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में आएगा फैसला

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को जेल में बंद सपा नेता आजम खान के मामले में सुनवाई हुई। जौहर यूनिवर्सिटी में सफाई मशीन बरामद होने के मामले में कोर्ट में राज्य सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया। इस मामले में सोमवार को बहस पूरी हो गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। हाईकोर्ट के जस्टिस समित गोपाल की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा है। अब इस मामले में कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। जौहर यूनिवर्सिटी में नगर पालिका की सफाई की मशीन बरामद होने के मामले में रामपुर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। रामपुर कोर्ट के फैसले को आजम खान और अब्दुल्ला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत याचिका दाखिल की है। गुरुवार को यह मामला हाईकोर्ट की लिस्टिंग में आ गया। ऐसे में केस की सुनवाई हो सकती है।जौहर यूनिवर्सिटी में नगर पालिका की मशीन मिलने का मामलाजौहर यूनिवर्सिटी में नगर पालिका की सफाई की मशीन बरामद होने के मामले में रामपुर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। रामपुर कोर्ट के फैसले को आजम खान और अब्दुल्ला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत याचिका दाखिल की है।सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के करीबी सालिम और अनवार की निशानदेही पर रामपुर पुलिस ने 19 सितंबर 2022 को जौहर यूनिवर्सिटी से नगर पालिका की रोड क्लीनर मशीन और उसके कटे हुए पाट्र्स बरामद किए थे। यह मशीन यूनिवर्सिटी कैंपस में दबाई गई थी।सामाजिक कार्यकर्ता वाकर अली खान की तहरीर पर आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और अनवार तथा सालिम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। रामपुर के कोतवाली थाने में यह मामला दर्ज हुआ था। रामपुर नगर पालिका के इस प्रकरण में नामजद आरोपी अनवार और सालिम को जमानत मिल चुकी है। हालांकि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम अभी भी इसका इंतजार कर रहे है।

# मेजा में चल रहे अवैध अस्पतालों एवं क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कसा शिकंजा

## रामनगर में अवैध ढंग से चल रही त्रिशा हास्पिटल को छापेमारी के दौरान टीम ने किया सीज,कई अन्य अस्पताल संचालकों को सौंपी गई नोटिस,तीन दिन में संतोषजनक जवाब ने देने वालों पर होगी एफआईआर दर्ज


**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** क्षेत्र में अवैध ढंग से बिना पंजीकरण संचालित अवैध अस्पतालों में आए दिन हो रही महिला मरीजों की मौत को लेकर अखबारों की सुर्खियों में रहे ऐसे अस्पतालों एवं क्लीनिकों पर देर से ही सही किंतु कुंभकर्णी निद्रा में सोया स्वास्थ्य विभाग आखिरकार जाग गया है और शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा की गई छापेमारी के दौरान एक अस्पताल को जहां सीज किया गया वहीं एक अस्पताल संचालक को नोटिस सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व वाली टीम ने सोमवार को मेजा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी किया। इस दौरान रामनगर बाजार में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही त्रिशा हॉस्पिटल को जहां सीज कर दिया वहीं उसके बगल स्थित कई और प्राइवेट अस्पताल के संचालकों को नोटिस पकड़ाते हुए तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग टीम ने चेतावनी देते हुए कहा है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ अशोक हरिवंश के पिता का निधन, मौत के पूर्व देहदान करने की जताई थी इच्छा

**मेजा।** प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ अशोक हरिवंश के पिता हरिवंश चतुर्वेदी का बीते 26 अगस्त को निधन हो गया । वह ८७ वर्ष के थे। वह पेशे से शिक्षक थे अपने शिक्षण काल मे समाज सेवा भी करते थे,वह शिक्षण कार्य को करते हुए स्कूलों में जो आवश्यकता होती थी, जैसे, सड़क पानी, विजली की भी व्यवस्था कराते अपना कर्तव्य समझ कर,! वह जोतिष के भी अच्छे जानकार थे और खाली समय मे हरि भक्ति में लीन रहते थे। उनके निधन से कांकेर सहित समूचे छत्तीसगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई है। स्वर्गीय हरिवंश चतुर्वेदी के पुत्र डॉ अशोक हरिवंश ने बताया कि 24 अगस्त को ही अचानक उनको लगभग तीन बजे हार्ट अटैक आया, तत्काल उनको आई सी यू में भर्ती कराया गया। कुछ देर बाद उनको होस आ गया। होस आने पर उन्होंने प्रभु पर चर्चा किया । उन्होंने देहदान के लिए पहले भी कहा था, होश आने के बाद भी देहदान की बात की। 26 अगस्त को दूसरी बार हार्ट अटैक आया और एक महामानव की जीवन यात्रा पर विराम लग गया।


हरिवंश चतुर्वेदी की फाइल फोटो

## प्रयागराज रूट की 13 ट्रेनों के बदले रास्ते

**प्रयागराज।** इन दिनों ज्यादातर बड़े रेलवे स्टेशनों पर यार्ड रि-मॉडलिंग का काम चल रहा है। ऐसे में प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर रूट की ट्रेनों को दूसरे रूट से निकाला जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे समेत अन्य जोन और मंडलों की ट्रेनों का रूट बदला जा रहा है। रेलवे ने 13 ट्रेनों की नई समय सारिणी जारी की है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा स्नातक तृतीय वर्ष, अनुक्रमांक 509708 सन 2000 का अंकपत्र सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर वास्तव मे खो गया है।

**संजय कुमार दूबे पुत्र रामजीत दूबे निवासी लालीपुर, करियांव भदोही।**

# इग्नू की कार्यशाला में विभिन्न पाठ्यक्रमों की दी गई जानकारी

### वर्तमान सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 सितंबर तक बढ़ी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में आज एक कार्यशाला आयोजित की गई। इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि सत्र जुलाई 2024 में प्रवेश की अंतिम तिथि दस सितंबर तक बढ़ायी गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रतापगढ़ केंद्र पर वर्तमान में परास्नातक, स्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट के 42 कोर्स संचालित हैं और सभी आयु के इच्छुक शिक्षार्थी इन कोर्सेस से लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूजीसी के नियमों के तहत अब कोई भी छात्र रेगुलर कोर्स के साथ मुक्त विश्वविद्यालय से कोई भी दूसरा कोर्स कर सकता है। इग्नू छात्रों को अपना अध्ययन केंद्र व परीक्षा केंद्र अपने सत्र के दौरान भारत में कहीं भी स्थानांतरण करवाने की सुविधा है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर अरविंद मिश्र ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के सभी कोर्स भारत में ही नहीं बल्कि भारत के बाहर भी पूर्णतः मान्य है। उन्होंने बताया कि इग्नू के सभी अध्ययन सामग्री गुणवत्ता पूर्ण है और इनको पढ़ने से छात्र कोर्स पूरा करने के साथ साथ विषय संबंधी कम्पटीशन की भी तैयारी कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इग्नू एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और योग्य छात्रों को केंद्र की तरफ़ से छात्रवृत्ति का भी लाभ मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित इग्नू के काउंसलर डॉ सी एन पांडेय ने इग्नू के विभिन्न रोज़गार परक कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और छात्रों को इन कोर्सेस में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए इग्नू के बीए, बीएससी, बीकॉम कोर्स में प्रवेश शुल्क नहीं लगेगा। उन्होंने बताया कोई भी इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर स्वयं प्रवेश ले सकता है अथवा अध्ययन केन्द्र पर संपर्क कर सकता है। कार्यक्रम में विजय पांडे, रोहन सिंह, आयुब खान और इग्नू के छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

# बिजली कर्मचारी संघ ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का किया घेराव

### विभिन्न मांगों को लेकर बिफरे बिजली कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ जिला इकाई प्रतापगढ़ के तत्वावधान में बिजली श्रमिकों की समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता को संबोधित ज्ञापन भी दिया गया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से कहा गया कि अनुरक्षण और परिचालक कर्मियों को बिना सुरक्षा सामग्री के लगातार काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है संविदा कर के साथ अधीक्षण अभियंता की साथ गांठ के चलते बिजली श्रमिकों को सुरक्षा सामग्री नहीं मिल पा रही है। सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय मंत्री हेमंत नंदन ओझा ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ के अधीक्षण अभियंता पूरी तरह कंपनी के साथ अपने निहित स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, अपने उत्तरदायित्व का निर्माण करते हुए तत्काल दी जाने वाली सहायता धनराशि जो दुर्घटना में मृतक कर्मचारियों को दी जाती है जून 2023 के बाद से अब तक किसी कर्मचारी को नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि अनुबंध के अनुसार 18 प्रकार की सामग्रियों को फार्म द्वारा संविदा कर्मचारियों को उपलब्ध कराना था जिसमें से केवल साथ सामग्री उपलब्ध कराई गई और वह भी अनुपयोगी हो चुकी हैं बिना गुणवत्ता की रही है। जो कर्मचारी कार्य करते हुए करीब एक दर्जन दुघर्टित हो गए उनके इलाज की प्रतिपूर्ति नहीं दी गई, करीब 10 कर्मचारी जो विद्युत दुर्घटना से मृतक हो गए उन्हें तात्कालिक सहायता की धनराशि का भुगतान जो तत्काल किया जाना था अब तक नहीं किया गया है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।


नगर पंचायत सिटी में वृक्षारोपण करते सपाई।

# सपाईयों ने नगर पंचायत सिटी में किया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के स्वीकृति से समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी दिए गए निर्देश के अनुसार सोमवार को पीजीडीसी महाविद्यालय, एमडीपीजी महाविद्यालय में पर्चा वितरण और नगर पंचायत सिटी में पीडीए वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने बीजेपी पर निशान साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हो रहे अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है जिस पर अंकुश लगाने में वह पूर्णता सफल नहीं है। सच्चाई को सरकार छुपाना चाहती है। इस मौके पर अश्वनी सोनी, रमेश पाठक, गुलफाम खान, शांति सिंह, सिटी अध्यक्ष जाकी खान, सद्दाम अहमद, विनोद यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, मोहम्मद निजाम, रामखेलावन यादव, महेश मौर्या, रियाज अहमद ,संजीव पटेल जिला अध्यक्ष युवजन सभा, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# आशापुर अठगवां गांव में एक माह से खराब है इंडिया मार्का हैंडपंप

### उमस भरी गर्मी में दूर से पीने का पानी ला रहा पीड़ित परिवार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के आशापुर अठगवां गांव निवासी डा. अमर सिंह पेयजल हेतु इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया था। जो कि महीने भर से खराब पड़ा हुआ है। नल मिस्त्री ने हैंडपंप को जब खोला तो वह बताया कि नल का बोर भ्रष्ट हो गया है दूसरा बोर करना पड़ेगा। बोर भ्रष्ट होने पर पीड़ित सेक्रेटरी के पास गया तो उन्होंने बताया कि बोरिंग करने के लिए खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देना पड़ेगा तब रिबोर हो पाएगा।

पीड़ित अमर सिंह खंड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथ धाम को रिबोर कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया तो उसे जल्द से जल्द बोर


खराब पड़ा इण्डिया मार्का हैण्डपम्प

कराने का झूठा आस्वासन दिया गया।लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी से आज तक हैंडपंप का रिबोर नहीं कराया गया।

पीड़ित परिवार महीने भर से ब्लॉक का चक्कर काट रहा है लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी से आज तक रिबोर नहीं कराया गया। इंडियामार्का हैंडपंप का रिबोर न कराए जाने से पीड़ित परिवार उमश भरी गर्मी मे दूर से पीने का पानी लाने के लिए विवस है। खास बात यह है कि आशापुर अठगवां गांव में शिव अचल सिंह का हैंडपंप पानी की जगह कीचड़ दे रहा है। और सुमन सिंह का हैंडपंप काफी दिनो से खराब पड़ा हुआ है पानी नहीं दे रहा है। और रामू गौड़ का हैंडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है। हैंड पंप खराब होने से ग्रामीण पानी को लेकर हैरान परेशान हो रहे हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने पीने के पानी की समस्या की ओर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए शीघ्र इंडियामार्का हैंडपंपो का रिबोर कराए जाने की मांग की है।

# दबंगों ने आधा दर्जन युवकों को पीटा, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ग्राम प्रधान के दबंग भाई अपने एक दर्जन साथियों संग कबड्डी खेल के दौरान युवक व उसके तीन साथियों की जमकर लाठी डंडे हाकी से पिटाई कर दी। पीड़ित युवक जान बचाकर अपने घर भागे तो आरोपित प्रधान का भाई अपने साथियों संग असलहों से लैस होकर घायल पीड़ित का घर घेर लिया।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस तो आरोपित भाग निकले। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के यहियापुर गांव निवासी जुनैद अपने साथियों के साथ रविवार दोपहर में कबड्डी खेल रहा था। इसी दौरान गांव के प्रधान का भाई अपने एक दर्जन दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और जुनैद तथा उसके साथियों को गाली गलौज करते हुए उसकी लाठी डंडे व हाकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित जान बचाकर अपने घर भाग तो आरोपितों ने असलहा से लैस होकर पीड़ित के घर पहुंच गए। पीड़ित ने घटना की सूचना दिलीपपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस तो आरोपित भाग निकले। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर आनंदपाल सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है मौके पर पुलिस गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# एल0आई0सी0 की 68वीं वर्षगांठ पर हुआ सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम की 68वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में मुख्य प्रबंधक दीपक चावला ने निगम को विभिन्न रूपों में सहयोग करने के लिए पूर्व बाल न्यायाधीश डा0 दयाराम मौर्य रत्न एवं समाजसेवी आनन्द मोहन ओझा सहित निगम के अभिकर्ताओं एवं कर्मचारियों को सारस्वत अभिनंदन के साथ स्मृति चिन्ह से विभूषित कर सम्मानित किया। एक्सिस बैंक एवं आई0डी0बी0आई0 बैंक के अधिकारियों को भी उक्त अवसर पर मुख्य प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य प्रबंधक दीपक चावला ने उपस्थित अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तथा उन्होंने कहाकि निगम


सम्मान समारोह में मौजूद अतिथिगण।

को निरंतर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए समय के अनुकूल चलने की आवश्यकता है। उन्होंने देश के आर्थिक विकास में निगम के योगदान के साथ निगम के उत्पादों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए प्रकाश डाला। विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने वर्ष 1956 में निगम की स्थापना से अब तक की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराया। उक्त अवसर पर प्रबंधक प्रशासन सुरेश कुमार मिश्र, उमा शंकर लाल श्रीवास्तव प्रबंधक प्रशासन, सहायक शाखा प्रबंधक पंकज सिंह एवं आशीष मौर्य, मो0 शकील जाफरी, बी0 के0 त्रिपाठी, आर0पी0 सिंह प्रोग्रामर तथा तमाम महिला एवं पुरुष कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओं ने समारोह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। संचालक विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नुजहत ने बढ़ाया गौरव, राज्यपाल के हाथों होंगी सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के पंडित राजपति महाविद्यालय परमी पट्टी के बीएड संकाय में अध्यनरत रही पट्टी नगर निवासिनी छात्रा नुजहत नाज पुत्री डॉ. शकील अहमद ने बीएड अंतिम सेमेस्टर 2023-24 के घोषित परिणाम में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर टॉप किया है। नुजहत ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में 83.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय स्तर पर बीएड संकाय में शीर्ष स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। आगामी दस सितंबर को विश्वविद्यालय के नैनी परिसर पर आयोजित दीक्षा समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा इन्हें स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह महाविद्यालय व क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार पांडेय, पीजी कॉलेज पट्टी के पूर्व प्राचार्य डॉ. गिरीश चंद्र शुक्ल, शिक्षा शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ राम किशोर मिश्रा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल, खेदन लाल जायसवाल, पवन कुमार, प्रमोद खंडेलवाल रामचंद्र जायसवाल सहित अन्य नगर निवासियों ने नुजहत की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। ढ़। पट्टी क्षेत्र के पंडित राजपति महाविद्यालय परमी पट्टी के बीएड संकाय में अध्यनरत रही पट्टी नगर निवासिनी छात्रा नुजहत नाज पुत्री डॉ. शकील अहमद ने बीएड अंतिम सेमेस्टर 2023- 24 के घोषित परिणाम में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर टॉप किया है। नुजहत ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में 83.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय स्तर पर बीएड संकाय में शीर्ष स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। आगामी दस सितंबर को विश्वविद्यालय के नैनी परिसर पर आयोजित दीक्षा समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा इन्हें स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह महाविद्यालय व क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार पांडेय, पीजी कॉलेज पट्टी के पूर्व प्राचार्य डॉ. गिरीश चंद्र शुक्ल, शिक्षा शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ राम किशोर मिश्रा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल, खेदन लाल जायसवाल, पवन कुमार, प्रमोद खंडेलवाल रामचंद्र जायसवाल सहित अन्य नगर निवासियों ने नुजहत की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

## घर में घुसकर हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात उड़ाये, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर अज्ञात चोर हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात उडा ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे पण्डित ढिगौसी पूरे तिलकराम निवासी सुशील कुमार मिश्र पुत्र श्रीराम मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था। अज्ञात चोर घर में घुसकर कमरे का ताला तोड दिया और अंदर आलमारी व बाक्स का ताला तोडकर उसमे रखी बीस हजार की नकदी व लाखों के सोने चांदी के जेवरात उडा ले गये। सोमवार सुबह परिवार के लोग सोकर उठे तो घर मे बिखरा सामान देख आवाक रह गये। छानबीन के दौरान घर में चोरी की घटना का पता चला। कोतवाली आकर पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एसटीएफ प्रयागराज ने दबोचा ईनामिया बदमाश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसटीएफ प्रयागराज की टीम ने लीलापुर पुलिस टीम के साथ एक एक लाख के दो ईनामिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार की रात करीब पौने दस बजे लीलापुर तिराहा से कमौरा मार्ग पर घेराबंदी करके एसटीएफ द्वारा हरिहरपुर सिंधौर निवासी एक एक लाख के ईनामिया अब्दुल मजीद व सोहेल को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों पर बीती उन्नीस मई को हत्या का मुकदमा दर्ज है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्युत कटौती को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खंड-प्रथम के कार्यालय के समक्ष कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने अपनी मांगों के समर्थन में कहा कि इन दिनों नगर क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती लगातार जारी है, विद्युत कटौती से जनता परेशान है और बिल बढ़ता जा रहा है, जबकि प्रदेश सरकार का 24 घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति का दावा है।

जिलाध्यक्ष ने कहा गड़वारा पावर हाउस से एक 33000 लाइन पांच करोड़ की लागत से दीवानी न्यायालय परिसर तक बनी


विद्युत कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

है, परिसर में एक मिनी पावर हाउस बना है, लाइन ब्रेकडाउन हो जाने पर वर्षों से उसे दहिलामऊ पावर स्टेशन से चलाया जा रहा है। इस लाइन को जल्द से जल्द चलवाने की मांग की गई है। रूपापुर पावर हाउस से सटा लगभग दो करोड़ की लागत से सगरा फीडर बना है, लोड कम हो इसलिए इस फीडर को बनाया गया था, एक दिन भी यह फीडर नहीं चला, तत्काल इस फीडर को चलवाया जाय। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह में हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, पीसीसी सदस्य प्रशांत देव शुक्ल, प्रेम शंकर द्विवेदी, एससी जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, शहजाद सलमानी, राधेश्याम दूबे, करुण पांडेय, सुनीता सिंह पटेल, विजय शंकर तिवारी, सरोज कश्यप, सुरेश कुमार मिश्र, इन्द्रानंद तिवारी, साहिल आदि मौजूद रहे।

# आंवला नगरी गोडे में पांच सौ साल पहले आक्रमणकारियों ने तोड़ा था अष्टभुजी देवी मंदिर

### खण्डित मूर्तियों को देखकर द्रवित हुए संविलित विघालय के बच्चे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम गोंडा, सदर प्रयागराज से अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐतिहासिक गांव गोडे है, जो आँवला की बागवानी के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक बड़ा ऐतिहासिक गांव है, जो बेला नगर से लगभग 6 किमी उत्तर में है। इस गांव के दक्षिण में रंजीतपुर चिलबिला का संपन्न बाजार है जो चिलबिला रेलवे स्टेशन के करीब है।

गांव में एक बाज़ार, शहीद स्मारक, सरस्वती विघा मंदिर और संविलित विघालय, सीनियर बेसिक स्कूल है। भारतीय इतिहास के गौरव गाथा से आधुनिक पीढ़ी को परिचित कराने के लिए शिक्षकों द्वारा नित्य नए प्रयास किये जा रहे हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय, कांपा मधुपुर, ब्लॉक बाबा बेलखर नाथ धाम, प्रतापगढ़ के छात्र-छात्राओं की शैक्षिक


मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिता में भाग लेती छात्र-छात्राएं।

भ्रमण टीम सदर ब्लॉक के पुरातन गांव गोंडा में पहुंची। 33 सदस्यीय शैक्षिक भ्रमण टीम को प्राथमिक हेड मास्टर डॉ0 विनोद त्रिपाठी ने रवाना किया। हेडमास्टर एवं छात्रों का दल कांपा मधुपुर से निकलकर सदर के रामपुर होते हुए गोड़े ग्राम सभा के स्वागत द्वार से प्रवेश किया। रेलवे क्रॉसिंग पार करने के बाद, बायें किनारे लगे आँवले की बगिया से होते हुए हम लोग पुरातन अष्टभुजी देवी मंदिर पहुंचे, जिसके सामने सरस्वती शिशु मंदिर नामक विद्यालय भी संचालित है। शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों का मैत्रीपूर्ण कबड्डी खेल संविलित उच्च प्राथमिक विद्यालय, गोडे, सदर और संविलित उच्च प्राथमिक विद्यालय कांपा मधुपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम, प्रतापगढ़ के बच्चों के बीच आयोजित किया गया। संयोजक डा0विनोद त्रिपाठी ने गोडे और कांपा मधुपुर के छात्र छात्राओं को मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिता के महत्व के बारे में बताया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। भारतीय सेना के सैनिक शहीद सुधाकर सिंह स्मारक गोडे, सदर पर शिक्षक, छात्र एवं छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। ऐतिहासिक सर्वेक्षण के दौरान विधार्थी दल ने मंदिर, मूर्तियां और अवशेषों का अवलोकन किया। पुरातन दुर्गा मंदिर, गोडे, सदर में खण्डित मूर्तियों को देखकर बच्चे द्रवित हुए।

## भतीजी से दुष्कर्म के आरोपी चाचा पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भतीजी से दुष्कर्म करने के आरोपी चाचा पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी मां रक्षा बंधन के दिन अपने मायके गई थी। इसी बीच उसके चाचा ने रात करीब एक बजे के आसपास उसका हाथ व पैर बांधकर उसके साथ दुराचार किया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चाचा के विरुद्ध दुष्कर्म वह अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# अधिवक्ता पर हमला करने वालों की 2 दिन में गिरफ्तारी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

## बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का लिया फैसला

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गिरसा गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर अधिवक्ता छविनाथ यादव पर भाजपा नेत्री और उनके गुर्गों द्वारा प्राण घातक हमला किया गया था इस हमले में अधिवक्ता छवी नाथ यादव सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे घायलों का इलाज कौशांबी और प्रयागराज के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है जैसे ही अधिवक्ता पर हमले की जानकारी मॉडल जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियो को लगी अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश फैल गया और सैकड़ो अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला अधिकारी को भाजपा नेत्री सहित अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी से संबंधित ज्ञापन सौपा है। अधिवक्ताओं ने कहा कि रविवार को छविनाथनाथ यादव अधिवक्ता पर हमला करने वाली भाजपा नेत्री और उनके गुर्गों की दो दिन के अंदर पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं किया तो अधिवक्ता बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिषर में बैठक करने के बाद निर्णय लिया है कि वह दो दिन 2 सितम्बर और 3 सितम्बर को न्यायिक कार्य से विरक्त रहेंगे इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा एडवोकेट देव शरण त्रिपाठी मनु देव त्रिपाठी अध्यक्ष राकेश जयसवाल महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी रामसागर द्विवेदी वीरेंद्र तिवारी राजीव मिश्रा अजय पांडे तुषार तिवारी श्री राम चौधरी राजाराम मौर्य सत्यनारायण यादव सुनील त्रिपाठी शिवेंद्रधर द्विवेदी कौशलेश द्विवेदी इनामुल हक बचन सिंह अखिलेश विश्वकर्मा शुभेंदु श्रीवास्तव सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

### आबादी के बीच रख दिया शमशान की अधजली लकड़ी के अवशेष

**हर्रायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में आबादी के बीच एक अराजक तत्व में शमशान की अधजली लकड़ियों रख दी हैं जिससे लोगों के अंदर भय और दहशत व्याप्त है जिस जमीन पर शमशान की अधजली लकड़ी रखी गई है उस जमीन का मुकदमा अदालत में विचाराधीन है लेकिन न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे के बाद भी जमीन पर एक पक्ष जबरिया कब्जा करने की कोशिश कर रहा है दो धर्म से जुड़े मामले के चलते विवाद की स्थिति बन रही है सूचना के बाद मौके पर संदीपन घाट थाना पुलिस पहुंची और शमशान की अधजली लकड़ी हटाने का निर्देश नहीं दे सकी पुलिस का कहना है कि महिला को बार-बार कहा जा रहा है लेकिन वह लकड़ी नहीं हटा रही है अब सवाल उठता है कि संदीपन घाट पुलिस का आदेश यदि शमशान घाट की अधजली लकड़ी रखने वाले लोग नहीं मान रहे हैं तो पुलिस कितनी कमजोर हो गई है बताया जाता है कि इलाके के एक दबंग दो समुदाय के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न करना चाहते हैं मामले में चौकी के सिपाही दिनेश कुमार व विनय कुमार भी मौके पर गए थे लेकिन उसके बाद भी शमशान घाट की अधजली लकड़ी नहीं हटाई गई है दोनों पक्षों को चौकी प्रभारी ने बुलाया लकड़ी हटाने का निर्देश दिया लेकिन उसके बाद भी शमशान घाट की लकड़ी नहीं हटाई गई है जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# तालाब में डूबा युवक, खोजबीन जारी





**मनौरी कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी में सोमवार की शाम लगभग 3:00 बजे एक युवक तालाब में डूब गया है जानकारी मिलने के बाद परिवार गांव के लोग मौके पर पहुंचे है मामले की सूचना पुलिस और गोताखोर को दी गई है मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने तालाब में डूबे युवक को खोजने का प्रयास किया लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक नहीं मिल सका है। जानकारी के मुताबिक मनेश कुमार पासी उम्र 24 वर्ष पुत्र हरिश्चंद्र निवासी महमूदपुर डिहवा मनौरी सोमवार को 3 बजे लगभग तालाब में डूब गया पिपरी पुलिस मौके पर मौजूद है युवक के तालाब में डूब जाने के बाद परिवार के लोग परेशान हैं।

# डायट में सुरक्षा संरक्षण प्रशिक्षण प्रारंभ

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा संबंधी प्रशिक्षण के प्रथम बैच का प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य/ उप शिक्षा निदेशक सुश्री निधि शुक्ला के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डायट प्राचार्य ने जीवन में सुरक्षा एवं संरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। महिलाओं की सुरक्षा घर से लेकर विद्यालय तक आज के समाज की आवश्यकता है। वर्तमान परिवेश में विभिन्न प्रकार की घट रही घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। विद्यालय के बच्चों में सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति चेतना जागृत करना शिक्षकों का मूल कर्तव्य है। राज्य परियोजना महानिदेशक लखनऊ द्वारा प्रशिक्षित डॉक्टर अनामिका सिंह ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में डॉ संतोष कुमार एवं डॉ आनंद कुमार सहायक आचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय ओसा ने जलवायु के विभिन्न मुद्दों पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किये ।जलवायु परिवर्तन के घातक परिणाम पर विस्तृत चर्चा की। उक्त परिणाम के बचाव के लिए विद्यालय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण मानव है तथा उसकी घातक परिणामों का प्रभाव समस्त जीव जंतुओं पर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन की परिणामों से किस प्रकार विद्यालय स्तर पर बच्चों और स्वयं को सुरक्षित रखा जाए इस पर विस्तार चर्चा की गई। जलवायु परिवर्तन की कारण आ रही आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन किस प्रकार किया जाए इस विषय पर अपनी बात रखी। प्रशिक्षण सत्र में विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र तिवारी क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात विषय पर जीवन में उपयोग आने वाले सारगर्भित नियमों के बारे में अवगत कराया। अपने शिक्षकों को अभिप्रेरित किया कि वह विद्यालय स्तर पर यातायात नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक करें। इस संदर्भ में अपने अपने विद्यालयी जीवन के प्रसंगों को भी बताया। भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय न्याय संहिता के अंतर को भी स्पष्ट किया । भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य पीड़ित को न्याय दिलाना है ना कि किसी को दंड दिलाना। कमलेश पांडे टीआई यातायात प्रभारी ने यातायात के विभिन्न नियमों की विस्तृत चर्चा की एवं नियम न पालन करने पर जुर्माना के प्रावधानों का भी उल्लेख किया। दुर्घटनाओं का मूल कारण यातायात के नियमों का पालन न करना है। नोडल प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र ने अंतिम सत्र खुला मंच में प्रतिभागियों की शंका का समाधान किया प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में डॉ संदीप तिवारी, सुश्री शबनम सिद्दकी एवं डॉ0 प्रमोद सेठ के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# गंगा-जमुना नदियों में न गिरने पाये नालों का पानी : जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा जमुना के किनारे जैविक खेती के लिए किसानों को किया जाए जागरूक**

**पर्यावरणीय समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोवस्त समिति की हुई बैठक**

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोवस्त समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा जमुना के किनारे जैविक खेती को बढावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए गगा/जमुना नदियों में नालों का पानी न गिरने पाये जहॉ कही भी गॉव क्षेत्रों में नालियों की निकासी नदियां के तरफ हो उन्हें रोका जाय। ग्रामवासियो को जागरूक भी किया जाय। उन्हांने सम्बन्धित अधिकारियों को गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे जैविक खेती कर रहें कृषकों/संस्थाओं एवं नमामि गंगे के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि जो भी योजनाए शासन द्वारा चल रही है उनका सबसे पहला लाभ नदी के किनारे स्थित ग्रामों को मिले। जिलाधिकारी ने बैठक में गंगा/जमुना के किनारे स्थित ग्रामों में स्वच्छता एवं शौचालयों की स्थिति भी जानी। जिलाधिकारी ने पौधारोपण स्थलों कि जियो टैगिंग की प्रगति रिपोर्ट जानी व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो वृक्षारोपण अभियान के तहत जो पौधे रोपित किये गये है उनका सौ प्रतिशत जियों टैगिंग किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने उ.प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के उपस्थित अधिकारी को मा. राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में उ.प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त किये बिना संचालित ईंट-भट्ठों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव सहित अन्य समबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एन.डी.कान्वेंट स्कूल & कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**




**भरवारी कौशाम्बी।** एन डी.कान्वेंट स्कूल एन्ड कॉलेज भरवारी में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी और छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य प्रदर्शन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल शैक्षिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करना था, बल्कि छात्रों की वैज्ञानिक सोच और नवाचारों को बढ़ावा देना भी था।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और छात्रों की प्रगति का सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया। इसके बाद, संगोष्ठी के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सार्थक संवाद हुआ, जहां अभिभावकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक यात्रा पर विचार-विमर्श किया और शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह संवाद शिक्षा के प्रति एक सामूहिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है, जो कि छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।संगोष्ठी के पश्चात, विज्ञान प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने श्रमसाध्य प्रयासों से तैयार किए गए विज्ञान मॉडल और प्रयोगों का प्रदर्शन किया। इन मॉडलों में छात्रों की गहन वैज्ञानिक समझ और सृजनशीलता का स्पष्ट प्रदर्शन हुआ। छात्रों ने विभिन्न विज्ञान सिद्धांतों को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया, जो न केवल उनकी विषय की समझ को दशार्ता है, बल्कि उनकी नवोन्मेषी सोच को भी उजागर करता है।अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों के इन प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।संस्थान के चेयरमैन एवम निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी ने यह सिद्ध कर दिया कि हमारे विद्यार्थी न केवल अकादमिक रूप से सक्षम हैं बल्कि वे आने वाले समय में समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नागरिक बन सकते हैं डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी छात्रों, अभिभावकों, और शिक्षकों को उनके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद दिया और इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता और महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए अनिवार्य हैं, बल्कि यह शिक्षक और अभिभावक के बीच की साझेदारी को भी मजबूत करते हैं, जो कि शिक्षा के क्षेत्र में सफलता की कुंजी है।इस कार्यक्रम ने विद्यालय में एक सकारात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण का सृजन किया, जिसने सभी को भविष्य की ओर एक नई दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन निश्चित रूप से हमारे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा, कोऑर्डिनेटर नितेश जी,डॉक्टर सचिन त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह,बद्री विशाल गायत्री चावला सुमन सिमरन रूपल,उर्वशी नारायण संध्या यशवी रश्मि आंचल मयंक उजमा फहद शिवम त्रिपाठी आशीष आलोक यादव आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए गठित समिति की बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए स्वैच्छिक संस्था द्वारा संचालित वृद्धाश्रम की सुचारू संचालनार्थ गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उप मुख्य चिकित्साधिकारी को वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनाने तथा नियमित अन्तराल पर कैम्प लागाकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धाश्रम प्रबन्धक को वृद्धजनों की संख्या बढ़ाने को लेकर प्रचार-प्रसार कराने के दिए निर्देश। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्राकश मणि, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, वृद्धाश्रम प्रबन्धक आलोक राय सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें।

# पत्रकारों के मान सम्मान, सुरक्षा, फर्जी मुकदमे रोकने के लिये डीजीपी का आदेश हवाहवाई



गोपनीय/शीर्ष प्राथमिकता/व्यक्तिगत ध्यानाकर्षण/तत्काल निर्गत/ई-मेल

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

संख्या:डीजी-आठ-140(25)2017-2019/8985 दिनांक: लखनऊ: अगस्त 27, 2024

NR-159

सेवा में,

समस्त पुलिस आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

विषय- पत्रकारों की सुरक्षा आदि के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक इस मुख्यालय के पत्र संख्याः डीजी-आठ-94(मिस)2017 दिनांक 25.09.2017, पत्र संख्याः डीजी-आठ-140(06विविध)2016 दिनांक 30.10.2017, पत्र संख्याः डीजी-आठ-140(25)2017 दिनांक 03.08.2018 एवं समसंख्यक पत्र दिनांक 07.03.2019, 15.11.2019, 17.11.2019 व 10.04.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पत्रकारों की समुचित सुरक्षा एवं उनके साथ शिष्ट व्यवहार/समस्यायें निस्तारित कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है।

2- अतः निदेशानुसार आपसे पुनः अनुरोध है कि पत्रकारों की नियमानुसार समुचित सुरक्षा एवं उनके साथ शिष्ट व्यवहार/समस्यायें निस्तारित कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें तथा प्रश्नगत सम्बन्ध में सूचना निम्नांकित प्रारूप में अपने जोनल अपर पुलिस महानिदेशक के माध्यम से इस मुख्यालय के ई-मेल section8-lo@up.gov.in पर 02 दिनों में अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें:-

| क्र0 सं0 | जोन | कमिश्नरेट/जनपद | पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण हेतु 01 सक्षम अधिकारी पृथक से नामित है अथवा नहीं ? | पत्रकारों के जीवनभय के दृष्टिगत समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनसे शिष्ट व्यवहार किया जा रहा है अथवा नहीं ? | पत्रकारों व उनके परिवारीजनों के विरूद्ध मिथ्या तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत तो नहीं किये जा रहे ? | अन्य सूचना, यदि कोई हो ? |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

( एल0आर0 कुमार )
पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था

**पत्रकारों पर मुकदमे होते रहे उन पर हमले होते रहे उन्हें जेल भेजा जाता रहा पत्रकारों के समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली होता रहा**

**भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुशील केसरवानी ने डीजीपी को पत्र लिखने की कहीं बात**

**कौशाम्बी।** पत्रकारों की समुचित सुरक्षा उनके साथ शिष्ट व्यवहार एवं उनके समस्याएं निस्तारित करने के लिए वर्ष 2017 से लगातार पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा पूरे उत्तरप्रदेश के पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लगातार पत्र भेजकर समस्याएं निस्तारित कराए जाने के निर्देश दिया जा रहा है लेकिन पत्रकारों के संबंध में डीजीपी कार्यालय द्वारा लगातार भेजे जा रहे पत्र को जिले में रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है पत्रकारों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता है पत्रकारों के साथ शिष्ट व्यवहार का आचरण थाने से लेकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय तक नहीं होता है आखिर डीजीपी का निर्देश मानने में इन थाने और क्षेत्राधिकारी कार्यालय वालों को क्यों नफरत होती है भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुशील केसरवानी ने पुलिस अधिकारियों के इस आचरण की निंदा करते हुए पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखने की बात कही है पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा जारी पत्र का जिक्र करें तो उक्त- 8-94 (मिस) 2017 -25 सितंबर 2017 को जारी किया यह पत्र अमल में ना लाए जाने पर डीजी ने फिर पत्र संख्या उक्त-8 140-06 विविध 2016 दिनांक 30 10 2017 को जारी किया लेकिन पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा जारी किए गए दो बार पत्र के बाद भी पत्रकारों पर मुकदमे होते रहे उन पर हमले होते रहे उन्हें जेल भेजा जाता रहा पत्रकारों के समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली होता रहा जिस पर पत्र संख्या उक्त- 8 -140 (25 ) 2017 दिनांक 03 -8- 2018 एवं सम संख्यक पत्र दिनांक 7 -3 -2019 --15 -11- 2019 --17 -11 -2019-- 10- 4 -2024 को जारी कर समस्त पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवलोकन कर पत्र को अमल में लाए जाने का निर्देश डीजीपी दिया गया लेकिन उसके बाद भी पत्रकारों की समुचित सुरक्षा एवं उनके साथ शिष्ट व्यवहार उनकी समस्याओं के निस्तारण में जिले की पुलिस गंभीर नहीं दिखाई पड़ी जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस महानिदेशक के पत्र का कितना सम्मान होता है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पत्रकारों के मान सम्मान सुरक्षा के लिए एक पत्र जारी किया है जिसमें उन्होंने सभी महानगरों के पुलिस कमिश्नर व जिलों के एसएसपी वा एसपी को पत्रकारों के मान सम्मान व सुरक्षा का आदेश दिया है। उस पत्र में डीजीपी कार्यालय द्वारा पूर्व में भेजे गए पत्रों का हवाला भी दिया है उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में डीजीपी के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है पूर्व में भी इस तरह के डीजीपी कार्यालय द्वारा कई पत्र जारी किए गए जिन्हें उनके अधीनस्थ अधिकारियों ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया प्रदेश भर में सैकड़ो पत्रकारों पर झूठे फर्जी मुकदमे लगाए गए और उनके परिजनों को उनके साथियों तक को नहीं बक्शा गया जो आज तक वह मुकदमों से लड़ रहे हैं। डीजीपी कार्यालय से पत्र जारी होने के बाद किसी जिले में पुलिस अधिकारियों ने पत्रकारों की कोई मीटिंग नहीं ली। वर्ष 2017 से अब तक डीजीपी के द्वारा लिखे गए पत्रों को प्रदेश भर के पुलिस कप्तानों ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया प्रदेश भर में पत्रकारों को झूठे मुकदमे में जेल भेजा जा रहा है 80 फीसदी जिलों के एसएसपी एसपी सीओ कोतवाल पत्रकारों के फोन नही उठाते सच्चाई छापी तो अपराधियो से मिलकर पत्रकारों के विरुद्ध झूठे मुकदमे पुलिस लिखती है और जेल भेज देती है निष्पक्ष पत्रकारिता की आवाज दबाने का पूरा प्रयास होता है डीजीपी कार्यालय से पत्र जारी होने के बाद आज तक किसी भी जिले में पत्रकारों की कोई मीटिंग नही की गई।

# गांव गांव मजबूत संगठन हिन्दू समाज के लिए आवश्यक

**कड़ा प्रखंड के अंधियारी गांव में विश्व हिंदू परिषद की बैठक सम्पन्न**



**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद मजबूत भारत देश के लिए काम करने वाला एक संगठन जो सनातन धर्म को मानने वाले हिंदुओं की रक्षा के लिए काम करता है। इसलिए गांव-गांव में विहिप का संगठन खड़ा होना समाज के लिए सबसे जरूरी है। इस चीज पर चर्चा होना और काम होना सबसे जरूरी है। उक्त बातें कल प्रखंड के अंधियारी गांव में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के बैठक में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण ने किया जबकि बतौर मुख्य वक्ता संगठन के सह मंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी रहे। इस अवसर पर अवधेश नारायण ने कहा कि संगठन और संगठित हिंदू समाज सनातन के लिए बहुत ही जरूरी हो गया है। आज जिस तरीके से पूरे विश्व में हिंदू धर्म के लोगों को धार्मिक वजह से टारगेट किया जा रहा है। उसको देखते हुए मजबूत भारत अखंड भारत हम सब का संकल्प होना चाहिए।संगठन के सहमंत्री वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहा कि आज जिले में हिंदू समाज की बेटियों को लव जेहाद का शिकार बनाया जा रहा है। इसके साथ गरीबों की जमीनों को लैंड जेहाद के तहत कब जाया जा रहा है। इसके साथ देश की सरकारी संपत्ति रेलवे, संचार को भी इन कट्टरपंथी लोगों द्वारा शिकार बनाया जा रहा है। अभी हिंदू समाज जागृत नहीं होता तो आने वाले समय में विश्व का एकमात्र ऐसा देश जो हिंदुओं के लिए सुरक्षित है, भारत वह भी सुरक्षित नहीं रह जाएगा।

### महिला के साथ 25 लाख रुपए लेकर राजस्थान से फरार हुआ कौशांबी का युवक

**कोखराज कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी खालसा गांव का सोनू निषाद पुत्र भुल्लन निषाद राजस्थान के थाना करधनी क्षेत्र के जयपुर जनपद में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था पड़ोस में शनि मलावत पुत्र धार्मा की परचून की दुकान थी जहां कौशांबी का युवक सोनू का आना-जाना था शनि मलावत की दुकान में जाते-जाते कौशांबी के युवक ने उसकी पत्नी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और महिला को लेकर कौशांबी भाग आया है राजस्थान से भागते वक्त सोनू की प्रेमिका अपने साथ घर के सोने चांदी के जेवर और 25 लख रुपए नगद भी उठा लाई है बताते चलें कि राजस्थान से भागने वाली महिला के तीन बच्चे भी हैं लेकिन बच्चों की मोह माया छोड़कर वह अपने प्रेमी के साथ कौशांबी भाग आई है जब महिला के पति को जानकारी हुई थी उसकी पत्नी 25 लाख रुपए नगद और सोने चांदी के जेवर लेकर कौशांबी के युवक सोनू निषाद के साथ भाग गई है तो महिला का पति शनि कौशांबी पहुंचा है पुलिस को तहरीर दी है जैसे ही इस बात की जानकारी कौशांबी के युवक सोनू निषाद को हुई तो उसके परिवार वालों का कहना है कि उसने महिला को ट्रेन में बैठकर वापस राजस्थान भेज दिया है लेकिन महिला राजस्थान नहीं पहुंची है इसमें भी कहीं संशय दिखाई पड़ रहा है पुलिस सोनू निषाद की तलाश में छापेमारी कर रही है लेकिन अभी सोनू पुलिस को मिल नहीं सका है सोनू के गिरफ्तारी के बाद स्पष्ट होगा कि महिला को उसने ट्रेन में बैठा कर राजस्थान भेज दिया है या फिर महिला के साथ कुछ और हुआ है।

# तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ समापन



**कौशाम्बी।** डॉ रिजवी स्प्रिंग फील्ड स्कूल करारी में 2 सितम्बर को भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में प्रथम सोपान, जांच शिविर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ । इस समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम सुंदर सिंह जिला सचिव भारत स्काउट गाइड कौशाम्बी रहे व विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार रहे। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्कार्फ पहना करके स्वागत किया । साथ ही साथ प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि रामसुंदर सिंह व श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया! कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले स्काउट /गाइड के द्वारा बनाए गए तंबुओं को निरीक्षण किया और स्काउट गाइड लगन देखकर मुख्य अतिथि ने सराहना किया साथ ही साथ स्काउट गाइड को बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक शैक्षिक का सर्वांगीण विकास होता है और निस्वार्थ भाव से सहयोग की भावना रहती है किसी भी प्रकार की आपदाओं में स्काउट गाइड सहयोग करने में पूरी तरह से तत्पर रहते हैं और कम से कम संसाधनों में अच्छी से अच्छी व्यवस्था बना रखते हैं इस कार्यक्रम में श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठे, बंधन, सीटी के संकेत, खोज के चिन्ह आदि विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया ट्रेनिंग काउंसलर गाइड वैशाली सिंह ने सैल्यूट, शिविर के नियम, ड्यूटी, रोटा चार्ट आदि के बारे में बताया विद्यालय के स्काउट मास्टर शैलेंद्र सिंह, गाइड कैप्टन नीलम चौहान ने स्काउट गाइड को झंडा गीत, प्रार्थना, नियम, प्रतिज्ञा, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया ध्वज अवतरण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सम्पादकीय

### हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ

**इस** वर्ष की बची अवधि में जिन चार राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं, उनमें से हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ हो भी गयी है, वहीं महाराष्ट्र तथा झारखंड के लिये कभी भी इसका ऐलान हो सकता है। चारों ही राज्यों में भारतीय जनता पार्टी एवं उसके गठबन्धन (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस- एनडीए) की हालत पतली समझी जाती है। इसके कारण राज्यवार तो अलग-अलग हैं, लेकिन जो बात सब पर लागू होती है, वह है उसके सामने मुद्दों का अभाव। अपने कथित विकास की कोई भी बात मतदाताओं के सामने रखने में नाकाम रही भाजपा के साथ हमेशा ऐसा होता आया है। सामान्य मौकों पर विकास, खुशहाली, मजबूत अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बड़ी जोर-जोर से ढोल पीटने वाली भाजपा चुनाव के वक्त पर हिन्दू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान और श्मशान-कब्रिस्तान पर उतर आती है।

लगता है कि फिर वैसा ही कुछ होने जा रहा है। हरियाणा और महाराष्ट्र में हुई दो घटनाओं का सम्बन्ध उसी गौ मांस से है, जिसके बूते भाजपा अपनी सरकारें (केन्द्र की हो या फिर राज्य की) बनाने की हमेशा जुगत करती है। गाय में श्रद्धा के नाम पर भाजपा ने देश भर में गोमांस को हमेशा से एक मुद्दा बनाकर रखा है। इसे लेकर भाजपा सियासी खेल करती रहती है। एक ओर तो वह गोमांस पर प्रतिबन्ध लगाने की बात करती है लेकिन जिन राज्यों में बीफ भोजन का हिस्सा है, वहां उसे जीवन शैली के नाम पर स्वीकारती भी है। गोवा, केरल, पूर्वोत्तर आदि के राज्यों में उसका अधिकृत रवैया यही होता है कि वह उसे स्वीकार करती चले। दूसरी तरफ उसके अथवा सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता देश भर में इसे लेकर उत्पात मचाते हैं। कई लोगों की गोमांस रखने या खाने के आरोप या संदेह मात्र में पीट-पीटकर हत्याएं कर दी गयी हैं।

पहली घटना हरियाणा के चरखी दादरी की है जहां पश्चिम बंगाल से मजदूरी करने गये दो व्यक्तियों को गोमांस खाने के आरोप में कुछ लोगों ने इतना पीटा कि उनमें से एक की मृत्यु हो गयी तथा एक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। ये दोनों ही 24 परगना जिले के हैं और वहां रहकर कूड़ा बीनने का काम करते थे। वैसे पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। 3 को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है, जबकि 4 पुलिस हिरासत में हैं। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि हंसावास खुर्द गांव की एक झुग्गी बस्ती में कुछ लोग प्रतिबंधित मांस खा रहे हैं। पुलिस ने वहां जाकर सैंपल लिया और प्रयोगशाला में भेजा। चूंकि इस पर कार्रवाई लैब की रिपोर्ट पर ही निर्भर है, इसलिये इसका इंतजार किया जा रहा था। यह घटना 27 अगस्त को हुई थी। इस बीच कुछ लोगों को इसकी जानकारी होने पर उन्होंने जाकर लिंचिंग की घटना को अंजाम दिया। घटना में शामिल दो नाबालिग हैं। पहले उन्होंने दोनों का अपहरण कर लिया और फिर अन्यत्र ले जाकर उनकी मरते या घायल होने तक पिटाई की।

दूसरी तरफ वहां के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो बयान दिया है, वह और भी स्तब्ध करने वाला है। सैनी ने मॉब लिंचिंग को तो गलत बताया परन्तु उनका यह भी कहना है ।

# विफल, विश्वास होने का संकेत है नीतिगत उलटफेर

**- जगदीश रत्तनानी**

**हमें यह जानने के** लिए उस सर्वेक्षण की आवश्यकता नहीं है कि भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा नहीं कर रही है। विश्व असमानता लैब के अनुसार भारत में ब्रिटिश राज के दौरान पाई गई असमानता से अधिक असमानता के साथ-साथ अच्छी नौकरियां प्रदान करने में पूर्ण विफलता के साथ-साथ शीर्ष पर व्याप्त भ्रष्टाचार अब नियामक प्रणालियों में व्याप्त हो गया है। जैसा कि सेबी के प्रमुख को उलझाने वाले मामले में देखा गया है। यह हमें बताता है कि क्या गलत हो रहा है। पिछले दशक की नीतियां विफल रही हैं और थोड़े समय और टुकड़ों में किए गए नीतिगत उलटफेर इस गड़बड़ी को ठीक नहीं करेंगे।

केन्द्र की अल्पमत भाजपा सरकार ने पिछले पखवाड़े में अपने दो नीतिगत प्रस्तावों- लेटरल हायरिंग और पेंशन के फैसले बदले हैं, जिनका वह लंबे समय से जबरदस्त तरीके से बचाव कर रही थी। इन फैसलों के बदलने को नए संसदीय अंकगणित के मद्देनजर नए सिरे से एकजुट विपक्ष के दबाव के रूप में देखा गया है; या हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों को देखते हुए चुनावी मजबूरियों के बरक्स रणनीतिक वापसी के रूप में चित्रित किया गया है। इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

ऊपरी तौर पर देखें तो यह सच मालूम होता है लेकिन गंभीरता से विचार करने पर यह भाजपा की उन मजबूरियों को दशार्ता है जिसने इन नीतियों को बिना सोचे-समझे या आधे-अधूरे मन से आगे बढ़ाया था। ये वे ही नीतियां हैं जो भाजपा के निरंतर और यहां तक कि तेज गति वाले सुधारों के विचार में फिट बैठती हैं, जिन्हें उद्योगपति मित्रों के एक छोटे समूह द्वारा समर्थन और व्यापक व्यापारिक समुदाय द्वारा समर्थित किया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ये हमले उन नीतियों पर हुए हैं जिन पर भाजपा और उसका नेतृत्व विश्वास करता है।

यह नवंबर, 2021 में अलोकप्रिय हुए कृषि कानूनों को अचानक वापस लेने जैसा था। उस समय भी आज की तरह सरकार और खुद मोदी नई व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेताब थे, लेकिन जिसे ऐतिहासिक सुधार कहा जा रहा था उस पर लगाया गया राजनीतिक दांव, पारदर्शिता की भारी कमी और इरादों को दशार्ता था जिन पर सवाल उठाए गए। भाजपा के दिग्गज नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि पसंदीदा उद्योगपतियों ने कानून बनने के पहले ही जमीनें खरीद ली थीं क्योंकि बाद में कीमतें बढ़ गयी थीं। पहले ही आरोप लग रहा है कि सरकार की वर्तमान नीतियां सामाजिक न्याय को कमजोर करने में पूरी मदद कर रही हैं। लेटरल हायरिंग के मामले में आरक्षण के बिना वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को काम पर रखने के मामले में पिछले लोकसभा में भाजपा को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। खारिज की गई नई पेंशन योजना के मामले में अब यह भार लोगों को बाजार की अनिश्चितता में छोड़ रहा है। सरकारी कर्मचारियों को बाजार पर भरोसा नहीं है, ठीक उसी तरह जैसे किसान खुले बाजार की व्यवस्था नहीं चाहते थे और इसके बजाय सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मांगते थे।

यह एक बार फिर बाजारों और मोटे तौर पर निजी क्षेत्र के निष्पक्ष होने के बारे में आम नागरिक के विश्वास की कमी और आम तौर पर भाजपा के नेतृत्व वाली



सरकार में भरोसे की कमी को जाहिर करता है जो निजी क्षेत्र के समर्थन और अर्थव्यवस्था में अपनी बड़ी भूमिका पर जोर देने के रूप में देखा जाता है। विश्वास की इस कमी के दो हिस्से हैं- पहला, राष्ट्र की अंतर्निहित बाजार विरोधी प्रवृत्ति है; और दूसरा, सत्ता और निजी पूंजी के बीच अनुचित निकटता के कारण अतिरिक्त बाजार विरोधी पूर्वाग्रह है।

यानि दो कार्यकाल से ज्यादा समय तक पूर्ण बहुमत और अकेले नेता के सत्ता में रहने, मोदी सरकार के पहले दो कार्यकालों के दौरान बाहर से कोई विपक्ष नहीं होने और पार्टी के अंदर सांसदों के पूरी तरह चुप्पी साधने के बाद भी भाजपा कम से कम आर्थिक मामलों के मामले में राष्ट्रीय मानसिकता को बदलने में सक्षम नहीं रही है।

भले ही भाजपा अभी भी केंद्र और कई राज्यों में सत्ता में बनी है पर इसमें ही भाजपा और नरेन्द्र मोदी ब्रांड की राजनीति का बड़ा पतन दिखाई देता है। भाजपा जैसे-जैसे अपने प्रभाव को बढ़ाने और विस्तार करने पर जोर देगी, पार्टी अधिक दक्षिणपंथी एजेंडे की ओर झुकेगी। यहां तक कि वह अपनी सीमाओं को जांचेगी तथा इस प्रक्रिया में ध्यान हटाने के लिए कई अन्य मोर्चों की जांच-परख भी करेगी जिसमें इसकी सांप्रदायिक राजनीति भी शामिल है।

कुछ हद तक ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा आज स्वयंभू रणनीतिकारों और नैरेटिव शेपर्स की एक मशीनरी है जो मानते हैं कि शासन का मतलब कहानियां सुनाना, साथ ही उन्हें गढ़ना और फिर इन कहानियों को बेचने के लिए सभी संसाधनों को लगाना है। वास्तव में भाजपा लोगों को समझाने और फिर दक्षिणपंथी मोड़ों के साथ जाने के लिए राजी करने की विशाल राजनीतिक चुनौती का मुकाबला नहीं कर रही है बल्कि हार के बाद भी यह लोगों को चुपके से इसके अंदर ले जा रहा है। देश कह रहा है कि उसे बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। तथ्य यह है कि देश भाजपा के प्रस्ताव पर और पार्टी के एजेंडे से कई अन्य मुद्दों पर इस तरह के सुधारों पर आश्वस्त नहीं है।

करीब सात साल पहले का उदाहरण लें, जब भारत के आर्थिक सर्वेक्षण ने आधिकारिक तौर पर कहा था कि 'सभी राज्यों, सभी समाजों में निजी क्षेत्र के प्रति कुछ दुविधा है... लेकिन भारत में दुविधा किसी और देश से अधिक लगती है। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत में दूसरों के सापेक्ष स्पष्ट रूप से एंटी-मार्केट विश्वास है, यहां तक कि समान रूप से प्रति व्यक्ति स्तर वाले कम प्रारंभिक जीडीपी साथियों की तुलना में भी यह भरोसा कम है।'

इसमें सरकार ने वर्ल्ड वैल्यू सर्वे के आंकड़ों का हवाला दिया। उसी सर्वेक्षण में नवीनतम डेटा बिंदुओं पर फिर से गौर करने से हमें पता चलता है कि भारत में बेसलाइन बदली नहीं है। उदाहरणार्थ, पिछले साल ही इसी सर्वे पर प्रतिक्रियाएं पूछी गई थी कि 'क्या व्यवसाय का सरकारी स्वामित्व बढ़ाया जाना चाहिए?' भारत में 23.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस कथन से पूरी तरह से सहमति व्यक्त की, जो चीन या यहां तक कि बांग्लादेश के लिए रिपोर्ट की गई संख्या से अधिक है। भारत उस बैंड में है जहां पाकिस्तान बैठता है। वहां 28.7 फीसदी ने उस कथन से पूरी तरह सहमति व्यक्त की। जबकि इस पैमाने के दूसरे छोर की तुलना में भारत में 100 में से 60 से अधिक लोग उस कथन के साथ जाने के लिए प्रवृत्त थे जिन्होंने कहा कि व्यवसाय के निजी स्वामित्व को बढ़ाया जाना चाहिए- केवल 11.1 फीसदी ने पूरी तरह से इसका समर्थन किया।

हमें यह जानने के लिए उस सर्वेक्षण की आवश्यकता नहीं है कि भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा नहीं कर रही है। विश्व असमानता लैब के अनुसार भारत में ब्रिटिश राज के दौरान पाई गई असमानता से अधिक असमानता के साथ-साथ अच्छी नौकरियां प्रदान करने में पूर्ण विफलता के साथ-साथ शीर्ष पर व्याप्त भ्रष्टाचार अब नियामक प्रणालियों में व्याप्त हो गया है।

# उमेश उपाध्याय पत्रकारिता एवं राष्ट्रवादी सोच के प्रतिभापुंज

**-ललित गर्ग-**

**पत्रकारिता के** एक महा- पुरोधा पुरुष, मजबूत कलम एवं निर्भीक वैचारिक क्रांति के सूत्रधार, उत्कृष्ट राष्ट्रवादी, प्रखर मीडिया प्रशासक एवं लेखक उमेश उपाध्याय अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका 66 वर्ष की उम्र में 1 सितम्बर 2024 को एक दुर्घटना में इस तरह अलविदा कह देना स्तब्ध कर रहा है, गहरा आघात दे रहा है, समूचा पत्रकार जगत अपने इस योद्धा को खोकर गममीन एवं दुःखी है। एक संभावनाओं भरा हिन्दी पत्रकारिता एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल पत्रकारिता जगत के लिये बल्कि भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये अपूरणीय क्षति है। टेलीविजन, प्रिंट, रेडियो और डिजिटल मीडिया में चार दशकों से अधिक के अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख मीडिया संगठनों में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। मीडिया उद्योग की बारीकियों की गहरी समझ, पत्रकारिता की ईमानदारी के प्रति समर्पण और तेजी से बदलते मीडिया उद्योग के साथ सामंजस्य बिठाने की उनकी कुशलता के लिए वे जाने जाते थे। उमेश उपाध्याय का जीवन सफर आदर्शों एवं मूल्यों की पत्रकारिता की ऊंची मीनार है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है।

उमेश उपाध्याय वरिष्ठ भारतीय टेलीविजन पत्रकार, लेखक और मीडिया कार्यकारी थे। उनकी पुस्तक ह्लवेस्टर्न मीडिया नैरेटिव्स ऑन इंडिया-गांधी टू मोदीह्व विदेशी मीडिया के भारत विरोधी एजेंडे की संदिग्धता को उजागर करती है। विदेशी मीडिया की भारत विरोधी साजिश को भी बेनकाब करने में इस पुस्तक की महत्वपूर्ण भूमिका है। टीआरपी की रेस में तेजी से दौड़ते न्यूज चैनल के प्रमुख कर्ताधर्ता होने के बावजूद औरों से इतर, चीख-चीत्कार से दूर रचनात्मक एवं सृजनात्मक टीवी पत्रकारिता करते हुए उन्होंने जो मूल्य-मानक स्थापित किये, वे लम्बे दौर तक अविस्मरणीय रहेंगे। उनकी बड़ी विशेषता रही कि वे अपने सहकर्मियों के साथ सहज, सरल और शालीन व्यवहार करते हुए सबके प्रिय एवं आत्मीय बने रहे। उमेश उपाध्याय ने बदलते समय और तकनीक के साथ-साथ अपनी कम्युनिकेशन स्किल को और ज्यादा धार दी। वे एक स्वतंत्र लेखक, स्वतंत्र मीडिया सलाहकार और विश्लेषक भी थे। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में मीडिया के अध्यक्ष और निदेशक के रूप में काम किया, इससे पहले वे नेटवर्क 18 में समाचार के अध्यक्ष थे। मीडिया और शिक्षा जगत में अपने 25 साल से ज्यादा लंबे करियर के दौरान उन्होंने जनमत टीवी में चैनल हेड, जी न्यूज में कार्यकारी निमार्ता और आउटपुट संपादक, होम टीवी में कार्यकारी निमार्ता, दूरदर्शन के संवाददाता और प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया में उप संपादक रहे। उन्होंने सब



टीवी में भी काम किया। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में एक व्याख्याता के रूप में अपना करियर शुरू किया, ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) के साथ एक राजनीतिक विश्लेषक और टिप्पणीकार रहे हैं और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्य भी रहे हैं।

1959 में मथुरा में जन्मे उपाध्याय ने 1980 के दशक की शुरूआत में पत्रकारिता को करियर के रूप में अपनाया। उपाध्याय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र थे। उन्होंने जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज से मास्टर्स और एम.फिल किया और दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद के सदस्य के रूप में कार्य किया। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय जनसंचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल की प्रबंध समिति और कार्यकारी परिषद, राष्ट्रीय जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान, अहमदाबाद की सलाहकार परिषद, आईआईएमसी सोसाइटी, भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली की कार्यकारी परिषद और भारतीय राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय सोसाइटी (एनओएस) के कार्यकारी बोर्ड के वे सदस्य रहे। उपाध्याय को पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में आजीवन योगदान के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वे एक सार्वजनिक वक्ता और मीडिया मुद्दों के विशेषज्ञ भी थे। उपाध्याय समसामयिक राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित टिप्पणीकार एवं स्तंभकार थे। उपाध्याय ने रायपुर में दिशा एजुकेशन सोसाइटी के निदेशक के रूप में शैक्षणिक क्षेत्र में एक वरिष्ठ पद संभाला। उन्होंने दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मामलों का प्रबंधन किया और उन्हें दिशा विश्वविद्यालय के प्रो वीसी के रूप में नामित किया गया था। उपाध्याय नई दिल्ली में नारद जयंती पुरस्कारों के लिए जूरी के सदस्य भी थे। उपाध्याय भोपाल के माखन लाल राष्ट्रीय पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के लिए एक नए कुलपति का चयन करने वाली खोज समिति के सदस्य भी थे।

उमेश उपाध्याय को निर्भीक विचारों, स्वतंत्र लेखनी और बेबाक राजनैतिक टिप्पणियों के लिये जाना जाता रहा है। उनको पढ़ने वाले लोगों की संख्या लाखों में है और अपने निर्भीक लेखन से वे काफी लोगों के चहेते थे। उन्होंने पत्रकारिता में उच्चतम मानक स्थापित किये। अपनी कलम के जरिये उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलम जब भी चली उन्होंने लाखों लोगों की समस्याओं को सरकारों और प्रशासन के सामने रखा और भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था को और मजबूत बनाने में योगदान दिया। हम उन्हें भारतीयता, पत्रकारिता का अक्षयकोष कह सकते हैं, वे चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे तो गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, निडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। वे एक ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व थे, जिन्हें पत्रकार जगत का एक यशस्वी योद्धा माना जाता है। उन्होंने आमजन के बीच, हर जगह अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया।

लाखों-लाखों की भीड़ में कोई-कोई उपेशजी जैसा विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति जीवन-विकास की प्रयोगशाला में विभिन्न प्रशिक्षणों-परीक्षणों से गुजर कर महानता का वरण करता है, विकास के उच्च शिखरों पर आरूढ़ होता है और अपनी मौलिक सोच, कर्मठता, कलम, जिजीविषा, पुरुषार्थ एवं राष्ट्र-भावना से समाज एवं राष्ट्र को अभिप्रेरित करता है। उन्होंने आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के लिये कई नए अभिनव दृष्टिकोण, सामाजिक सोच और राष्ट्रीयता से ओतप्रोत सकारात्मक वातावरण निर्मित करने की शुरूआत की। देश और देशवासियों के लिये कुछ खास करने का जज्बा उनमें कूट-कूट कर भरा था। वे समाज एवं पत्रकारिता के लिये पूरी तरह समर्पित थे। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। वे जितने उच्च नैतिक-चारित्रिक पत्रकार थे, उससे अधिक मानवीय एवं सामाजिक थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता एवं राष्ट्रीयता की गहराई ये जुड़े थे और उस पर वे अटल भी रहते थे। किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाता। वे हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है।

उमेश उपाध्याय के नेतृत्व में जी न्यूज ने अपनी पहुंच और प्रभाव का काफी विस्तार किया, और पूरे भारत में एक जाना-माना नाम बन गया। उनके कुशल मीडिया प्रबंधन और सामग्री वितरण के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण के कारण उनके साथियों में भी उनका काफी सम्मान था। अपने पूरे करियर के दौरान, उमेश उपाध्याय को जिम्मेदार पत्रकारिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था। उन्होंने समाचारों के नैतिक प्रसार का समर्थन किया और पत्रकारों की अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी अध्यात्म में गहरी रुचि एवं उनका खुद गहरा आध्यात्मिक चिंतन था। भारत के संतों एवं आध्यात्मिक गुरुओं में वे बड़ी आस्था रखते थे और अक्सर उनसे मिलकर गहन चचार्एं करते थे। उनके घर का परिवेश भी अध्यात्ममय था, जहां रामायण आदि का पाठ अक्सर होता रहता था। वे नए तरीके से सोचने में विश्वास रखते थे यही वजह है कि उन्होंने उसे समय पर न्यूज और व्यूज यानी जनहित एवं मनोहारिता को मिक्स करने के कई प्रयोग किये और वे सफल भी रहे, जिन्हें बाद में कई लोगों ने आजमाया। उन्होंने डिजिटल मीडिया की इतनी संभावनाओं से करीब एक दशक पहले ही यह बात कह दी थी कि आने वाला समय टेलीविजन से हटकर मोबाइल में सिमट जाएगा।

उमेशजी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सफल प्रखर पत्रकार, लेखक, कुशल मीडिया प्रशासक के रूप में अनेक छवि, अनेक रंग, अनेक रूप में उभरकर सामने आता हैं। आपके जीवन की दिशाएं विविध एवं बहुआयामी थीं। आपके जीवन की धारा एक दिशा में प्रवाहित नहीं हुई, बल्कि जीवन की विविध दिशाओं का स्पर्श किया। यही कारण है कि कोई भी महत्त्वपूर्ण क्षेत्र आपके जीवन से अछूता रहा हो, संभव नहीं लगता। आपके जीवन की खिड़कियाँ पत्रकारिता, समाज एवं राष्ट्र को नई दृष्टि देने के लिए सदैव खुली रही। उनकी सहजता और सरलता में गोता लगाने से ज्ञात होता है कि वे गहरे मानवीय सरोकार से ओतप्रोत एक अल्हड़ व्यक्तित्व थे। बेशक उमेशजी अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने सफल लेखक-पत्रकार जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय पत्रकारिता के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। वे व्यक्ति नहीं बल्कि मिशन थे। उनका निधन एक आदर्श एवं बेबाक सोच की पत्रकारिता का अंत है। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे।

# हरियाणा में अगर कांग्रेस को कोई हराएगा तो कांग्रेस ही!

**- शकील अख्तर**

**कांग्रेसी इसी** ठसक में रहते हैं। इसे केवल हाईकमान तोड़ सकता है। हरियाणा वह मौका है जहां वह सख्त मैसेज दे कि गुटबाजी करने वाला कोई नेता बख्शा नहीं जाएगा। यह चुनाव कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। कोई गुट नहीं। कांग्रेस की किसान समर्थक नीतियों, छोटे व्यापारी दुकानदार समर्थक नीतियों, युवाओं को नौकरी देने और हरियाणा के विकास के लिए यह चुनाव हो रहा है। हरियाणा कांग्रेस ने ही बनाया था 1966 में।

हरियाणा में कांग्रेस ने कुछ अच्छा किया?

नही वहां भाजपा सरकार ने बहुत बुरा किया। इसी का परिणाम है कि वहां कांग्रेस की स्थिति अच्छी मानी जा रही है।

लेकिन सामने जीत देखकर राज्य के कांग्रेसी नेता बावले हो रहे हैं। सब को मुख्यमंत्री पद दिख रहा है और मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने ज्यादा से ज्यादा लोगों को लड़ाना चाहते हैं।

कांग्रेस हाईकमान यह मैसेज देने में लगातार असफल साबित हो रहे हैं कि वहां चुनाव कांग्रेस पार्टी लड़ रही है और बीजेपी के कुशासन के खिलाफ जो राहुल गांधी का अभियान रहा उसी की वजह से वहां कांग्रेस की हालत अच्छी दिख रही है। किसी क्षत्रप की वजह से वहां लोग वोट नहीं देंगे। वोट मिलेंगे कांग्रेस की किसान समर्थक नीति, अग्निवीर के खिलाफ राहुल की आवाज, महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी शिक्षा चिकित्सा खत्म करने, छोटे व्यापारियों के उद्योग-धंधे ठप्प होने, राज्य का गौरव पहलवान बेटियों के साथ नाइंसाफी होने जैसे मुद्दों पर। राहुल के नाम पर।

कांग्रेस जब तक यह मैसेज देने में कामयाब नहीं होगी तब तक क्षत्रप अपने आप को तीस मार खां बताकर आपस में लड़ते रहेंगे। कांग्रेस राजस्थान का उदाहरण याद नहीं कर रही है। वहां केवल और केवल गुटबाजी की वजह से वह हारी।

यह संयोग ही है कि वहां के इन्चार्ज होने के नाते उस गुटबाजी को बहुत झेले अजय माकन अब हरियाणा की स्क्रिनिंग कमेटी के अध्यक्ष हैं। और वे पिछले कई दिनों से लगातार हरियाणा के



नेताओं और वहां के चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों से मिल रहे हैं।

सोमवार 2 सितंबर को कांग्रेस की टिकट वितरण करने वाली सर्वोच्च समिति सीईसी ( सेन्ट्रल इलेक्शन कमेटी) की बैठक है। उससे पहले का काम स्क्रिनिंग कमेटी करती है। हर विधानसभा क्षेत्र के तीन या चार महत्वपूर्ण उम्मीदवारों का पैनल बनाने का। स्क्रिनिंग कमेटी का अध्यक्ष राज्य के बाहर को होता है और माना जाता है कि वह गुटबाजी से अप्रभावित रहेगा।

हालांकि यह मजेदार है कि इसी हरियाणा में यही गुटबाजी खुद माकन को दो साल पहले राज्यसभा हरा चुकी है। राहुल गांधी के केन्डिडेट के तौर पर उनकी पहचान थी। मगर किरण चौधरी ने इसकी परवाह न करके माकन के खिलाफ वोट दिया। उस समय कांग्रेस का ही एक गुट किरण चौधरी को बचाने में लग गया। कांग्रेस की अनुशासन समिति ने उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया। उसे दबा दिया गया। यहां तक कि माकन की आवाज को भी। राहुल गांधी की यही कमजोरी उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। उन्हें बोलना चाहिए था। हरियाणा में यह दूसरा कांग्रेस उम्मीदवार हारा था। इससे पहले प्रख्यात वकील आर के आनंद सोनिया गांधी के उम्मीदवार थे। इस समय कांग्रेस में जैसा जलवा अभिषेक सिंघवी का है। वैसा ही कभी आर के आनंद का था। वकालत का। मगर इन कांग्रेसियों ने तो हिमाचल में सिंघवी को भी हराया। पार्टी को नुकसान करने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ अगर एक बार सख्त मैसेज चला जाए तो वह नजीर बन जाता है। किरण चौधरी को अगर उस समय ही पार्टी से निकाल दिया गया होता तो आज बीजेपी भी उन्हें नहीं लेती।

मगर अब बीजेपी ने किरण चौधरी को राज्यसभा सदस्य दे दिया। बेटी को विधानसभा लड़वा रही है। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेसी यह मानने को तैयार नहीं हैं कि किरण चौधरी ने कांग्रेस के साथ विश्वासघात किया। उनके भाजपा ज्वाइन करने के बाद भी कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने उनके समर्थन में बयान दिए।

यह हरियाणा कांग्रेस की सच्ची तस्वीर है। वहां गुटबाजी किस स्तर तक है। इसका अंदाजा आप इससे लगा सकते हैं कि कुमारी शैलजा ने स्क्रिनिंग कमेटी को ओवर रूल करके अपने 90 नाम सीधे सीईसी को भेज दिए। हरियाणा में 90 सीटें हैं और इसके लिए 2556 उम्मीदवार हैं। कुछ सीटों पर तो चालीस-चालीस लोगों ने टिकट मांगा है। ऐसे में तीन-चार लोगों का पैनल बनाना एक मुश्किल काम है। मगर फिर भी स्क्रिनिंग कमेटी ने कुछ सीटों पर सिंगल नाम तक जैसे गढ़ी सांपला किलोई से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जैसे कुछ और नाम तय कर दिए हैं। मगर अधिकांश सीटों पर स्क्रिनिंग कमेटी पर भारी दबाव है।

यह दबाव ही इस बात की निशानी है कि राज्य में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है।

लेकिन यह अच्छी स्थिति भाजपा जैसी दूसरी पार्टियों को तो फायदा पहुंचा देती हैं और कांग्रेस को नुकसान पहुंचा देती है। 2019 विधानसभा में भी हरियाणा में कांग्रेस की स्थिति बहुत अच्छी थी मगर गुटबाजी की वजह से ही वह 31 सीटों पर रुक गई। स्पष्ट बहुमत भाजपा को भी नहीं आया। वह भी 40 पर रुक गई। मगर जोड़-तोड़ करके उसने सरकार बना ली। उस चुनाव में अगर कांग्रेस के क्षत्रप आपस में नहीं लड़ते तो कांग्रेस जीत सकती थी।

# भदई अमावस्या में श्रद्धालुओं का उमडा सैलाब

## दस लाख भक्तों ने किया दर्शन, साल की सबसे बड़ी अमावस्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भदई सोमवती अमावस्या मेला पर श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ा। प्रशासन ने दस लाख श्रद्धालुओं के दर्शन का दावा किया है। सोमवार देर शाम तक ये तादाद बीस लाख पहुंचने के आसार हैं। भदई सोमवती अमावस्या को बड़ी अमावस्या माना जाता है। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा व राजस्थान से लाखों श्रद्धालु आते हैं।


रामघाट में स्नान करते व परिक्रमा लगाते श्रद्धालु।

सोमवार को श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में स्नान कर भगवान कामदगिरि की पंचकोसी परिक्रमा की। भरत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास ने बताया कि वनवास काल दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने यहां 11 साल 11 महीना 11 दिन बिताये थे। मंदाकिनी में स्नान कर भगवान कामदगिरि का पूजन-अर्चन करते थे। माना जाता है कि पवित्र स्थल की परिक्रमा से श्रद्धालुओं की मनोकामनायें पूरी होती हैं। परिक्रमा की दूरी पांच किमी है। श्रद्धालु दंडवत परिक्रमा भी करते हैं।

भीड़ को नियंत्रित करने व सुरक्षा को उप्र-मप्र प्रशासन ने चैकस तैयारियां की हैं। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि छह जिलों से सुरक्षा बल बुलाये गये हैं। मप्र सतना जिले के एसपी ने बताया कि पांच जिलों की पुलिस को मेला व्यवस्था को तैनात किया है। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

## फिसलन न हो, लगा कच्चे नारियल पर प्रतिबंध

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परिक्रमा मार्ग की तैयारियों के मद्देनजर एमपी सीमा गुप्त गोदावरी, हनुमान धारा, सती अनुसुइया व कामतानाथ मुखारबिंद, रामघाट, भरत घाट, आरोग्यधाम में खासतौर से नजर है। चित्रकूट पुलिस समेत जिले के तमाम थानों से पुलिस बल व रिजर्व पुलिस तैनात है। इस बार प्रशासन ने कच्चे नारियल पर प्रतिबंध लगा दिया है। कच्चा नारियल फोडने से कामतानाथ प्रमुख द्वार में पानी गिरने से फिसलन पैदा हो जाती है। इससे लोगों के गिरने व भीड में हडकम्प मचने के आसार रहते हैं। इसके मद्देनजर प्रशासन ने कच्चा नारियल फोडने पर प्रतिबंध लगा दिया है। किसी श्रद्धालु को कच्चा नारियल फोडने नहीं दिया गया। एसडीएम मझगवां जितेन्द्र वर्मा ने एक सितंबर से कच्चे नारियल पर प्रतिबंध लगाया है। ये परिक्रमा पथ समेत सभी धार्मिक स्थालों पर लागू रहेगा।


फल बांटती पुलिस।

## मानिकपुर पुलिस ने श्रद्धालुओं को बांटे फल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह व चौकी प्रभारी सरैंया श्यामदेव सिंह ने भदई सोमवती अमावस्या मेले में आये श्रद्धालुओं को फल बांटे। फल बांटने दौरान मानिकपुर थानाध्यक्ष दुर्गविजय सिंह ने कहा कि श्रद्धालु थके-मांदे आये हैं। कुछ देर विश्राम कर लें। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को फल बांटकर कहा कि इससे सौहार्द बढता है। पुलिस को भी श्रद्धालुओं की सेवा कर कुछ पुण्यफल मिल जायेगा।


मेला क्षेत्र का भ्रमण करते डीएम-एसपी।

# सडक में सो रहे श्रद्धालुओं को भेजें रैन बसेराः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भदई सोमवती अमावस्या मेला को सकुशल सम्पन्न कराने को मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सोमवार को जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि जो श्रद्धालु रोड किनारे सो रहे हैं, उन्हें तत्काल सकुशल रैन बसेरा भेजें। सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम देखा। निर्देश दिये कि सीसीटीवी कैमरे चलते रहने चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा में लगे सुरक्षा अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिये कि मुस्तैदी से ड्यूटी करें। श्रद्धालुओं से विन्रम बर्ताव करें। किसी प्रकार की लापरवाही न करें। भ्रमण दौरान एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल मौजूद रहे।

## सरैंया लेखपाल ने कुम्हार को बनाया चमार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील में सरकारी तंत्र की लापरवाही से सरैंया गांव में दिनेश कुम्हार को जारी जाति प्रमाण पत्र में जाति कुम्हार की जगह चमार लिख देने से हडकम्प मच गया।

### तहसील में मचा हडकम्प

तहसील की कार्यशैली पर सवाल खडे हो गये। लोगों ने कहा कि ये पहली बार नहीं है, जब ऐसी गलती हुई है। राजस्व विभाग में कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार चरम पर है। तहसील में राशन कार्ड बनवाने के नाम पर लोगों से पांच सौ रुपये अवैध वसूले जाते हैं। जाति प्रमाण पत्र में धांधली की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। आरोप है कि प्राइवेट कर्मियों के जरिये पूरे खेल को अंजाम दिया जा रहा है। रिपोर्ट लगाने में लेखपाल व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को अनुसूचित जाति बनाने में देर नहीं लगती। सरैंया गांव के दिनेश कुम्हार का मामला ताजा उदाहरण है। घटना ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिये हैं। लोगों ने मामले की जांच की मांग की है। कहा कि ऐसी घटनायें न सिर्फ लोगों की समस्यायें बढ़ाती हैं, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देती हैं। अब देखना है कि प्रशासन इस मामले में दोषियों पर क्या कार्यवाही करता है।


सुरक्षा की जांच करती टीम।

## संयुक्त टीम ने मेला की सुरक्षा जांची

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भदई सोमवती अमावस्या मेला पर एस चेक, बीडीएस टीम, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा के लिहाज से रामघाट आदि स्थानों पर जांच की। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में निरीक्षक एलआईयू सूर्यकांत अरुण राय की अगुवाई में दरोगा एलआईयू शिवसागर तिवारी की मौजूदगी में एस चेक टीम बांदा, बीडीएस टीम, जीआरपी प्रयागराज, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा के लिहाज से जिला मुख्यालय के बस स्टैंड, रामघाट, परिक्रमा मार्ग रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर जांच की। जांच में टीम को कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।


सुलह कराती पुलिस।

## दम्पति में पुलिस ने कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस ने दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। सोमवार को मानिकपुर थाने के बराहमाफी गांव के मजरा बडी कोलान की श्रीमती नेहा उर्फ कुसुमा पुत्री कामता प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति संजय पुत्र देवनाथ गुरौला मानिकपुर व ससुरालीजन गाली-गलौज, मारपीट कर दहेज के लिये प्रताड़ित करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निस्तारण को भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने की सलाह दी। पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति ने तालमेल से

## बिछड़ी महिला को पुलिस ने साथियों से मिलाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा/बिछड़ों को परिवारों से मिलाने के प्रयास में अमावस्या मेला ड्यूटी में पुलिस टीम ने परिक्रमा दौरान साथियों से बिछड़ी महिला को साथियों से मिलाया।

ज्ञात है कि सोमवार को अमावस्या मेला में आई श्रीमती माया देवी पत्नी मनोज त्रिपाठी रामपुर मजलाल जिला रीवा मप्र गांव के साथियों के साथ मेला में दर्शन को आई थी। कामदगिरि पर्वत परिक्रमा दौरान साथियों से बिछड़ गई। शनि शिला परिक्रमा मार्ग में ड्यूटी पर तैनात महिला सिपाही कीर्ति पाण्डेय, महिला सिपाही पारुल श्रीवास्तव व सिपाही अभिषेक यादव ने महिला को परेशान देखा। उससे वार्ताकर परेशानी पूंछी। महिला ने बताया कि वह साथियों से बिछड़ गयी है। उसके पास मोबाइल फोन नहीं है।


बिछडी महिला को साथियों से मिलाती पुलिस।

महिला की बात सुन पुलिस टीम ने बुद्धि का प्रयोग करते हुये महिला से पति का नम्बर पूंछा। पति से वार्ताकर महिला के बिछड़ने की बात बताई। उसके साथ आये लोगों का नम्बर पूंछा। महिला के पति ने महिला के साथ गये मोहन पुत्र कालू रामदीन उपरोक्त का नम्बर दिया। पुलिस टीम ने मोहन से सम्पर्क कर खोही परिक्रमा मार्ग चैकी पर बुलाया। श्रीमती माया देवी को साथियों से मिलाया। साथियों से मिलकर श्रीमती माया देवी के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। पुलिस टीम के प्रति आभार जताया।

## एसडीएम ने बन्द कराई अवैध वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अमावस्या मेला में सरकारी वाहन पार्किंग स्थल सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज में श्रद्धालुओं से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। प्रधानाचार्य राजीव पाठक वाहन पार्किंग में वाहन खड़े करने पर श्रद्धालुओं से 30 से लेकर दो सौ रुपये तक अवैध वसूली करा रहे हैं। प्रशासन के निःशुल्क पार्किंग के बाद भी प्राइवेट लोग अवैध वसूली कर रहे हैं। सूचना पर एसडीएम ने पुलिस बल के साथ छापा मारकर अवैध वसूली बन्द कराई। ये अवैध वसूली कॉलेज के प्रधानाचार्य करा रहे थे।

## 15 लीटर महुआ शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने बबलू सोनकर पुत्र हरीशचन्द्र सोनकर राघवपुरी कोतवाली कर्वी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उस पर कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता, दरोगा मेवालाल मार्य, सिपाही रविन्द्र कुमार व महिला सिपाही काजल शामिल रहे।

# सपा नेताओं ने भाजपा सरकार को बताया जनविरोधी

### लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष समेत विधायक ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के तहत सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकरन निर्मल की अगुवाई में वृक्षारोपण व पर्चा वितरण हुआ। सोमवार को रानीपुर खाकी गांव में सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष राजकरन निर्मल ने छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता में कहा कि फीस वृद्धि, मुफ्त शिक्षा, विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में नियुक्तियों में धांधली, पेपर लीक, रोजगार, आरक्षण, डिजिटल डिवाइस जैसे तमाम मुद्दों पर बुंदेलखण्ड झांसी-चित्रकूट मंडल का प्रभार उन्हें सौंपा गया है।

वृक्षारोपण व पर्चा वितरण बाद सपा विधायक अनिल प्रधान ने रानीपुर खाकी में जनता से कहा कि 2027 में सपा की सरकार सभी लोग मिलकर बनायें। उन्होंने भाजपा सरकार पर जनविरोधी होने के सवाल उठाये। कार्यक्रम में मौजूद लोहिया वाहिनी प्रदेश प्रमुख महासचिव अमरेन्द्र आर्य, प्रदेश महासचिव मन्नू पाण्डेय, प्रदेश उपाध्याक्ष डॉ संतोष पटेल, जनार्दन सिंह पटेल, यूथ फ्रंटल जिलाध्यक्ष अजय यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन सिद्दीकी, अमरदीप पटेल, रोहित यादव, जलाल, महेंद्र यादव, जगदीश पटेल, मोतीलाल पटेल, शिवपाल कुशवाहा, कल्लू पटेल, मनोज सिंह, अली हसन, मइयादीन यादव, देवराज प्रजापति, राजाराम पटेल, राम बाबू मौर्य, छक्का यादव आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करते सपा नेता।

## एसपी के निर्देश पर छह पर गैंगेस्टर एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य ने गैंग लीडर इब्राहिम पुत्र हारुन हटवा ऊपरहार असरौली थाना पूरामुफ्ती प्रयागराज, मोहम्मद फैजान पुत्र अब्दुल कयूम अहमदपुर पूरामुफ्ती प्रयागराज, मोहम्मद नैश पुत्र मोहम्मद इरफान खेडुवा थाना एयरपोर्ट प्रयागराज, सद्दाम पुत्र शकील मारियाडीह पूरामुफ्ती प्रयागराज, जुनैद अहमद पुत्र मोहम्मद जुबेर लखनपुर धूमनगंज प्रयागराज व अवधेश पासी पुत्र सजीवन पासी पुराखास सरायं अकिल कौशाम्बी पर 2/3 गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। ये संगठित गैंग बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलाप व गौ-तस्करी/गौवध संगीन अपराध कर आर्थिक व बुनियादी लाभ प्राप्त करते थे।

## अमावस्या मेले में जगह-जगह लगे लंगर, भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सोमवती अमावस्या मेले पर शहर के जाने-माने व्यवसायी श्याम मोटर्स के मालिक देवेश जैन ने श्रद्धालुओं के बीच विशाल भंडारा किया। मेले में आये लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ये भंडारा सीतापुर स्थित मन्दाकिनी भवन के सामने कराया। मन्दाकिनी भवन सामने से गुजरने वाले हर श्रद्धालु भी भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में सोमवती अमावस्या मेला में सेवा भारती ने श्रद्धालुओं को देशी घी का हलवा खिलाया। अमावस्या मेले में आने वाले पैदल तीर्थ यात्रियों को जलपान की व्यवस्था सेवा भारती श्रद्धा भाव से कर रहा है। भदई सोमवती अमावस्या पर प्रोफेसर कॉलोनी के पास शिविर लगाकर देशी घी का हलवा श्रद्धालुओं को खिलाया। सेवा भारती के जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे, अध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला, प्रचार प्रमुख शंकर यादव, जिला मंत्री शिवा कुमार, स्वालंबन प्रमुख शिवकुमार, राज किशोर त्रिपाठी, राजीव श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डीके सत्संगी, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, स्वास्थ्य विभाग से राखी अवस्थी, सनत कुमार, अशोक गुप्ता, जीएसटी डिप्टी कमिश्नर विजय सोनी, विनय दीक्षित, मंदार सिंह यादव, चितरंजन त्रिपाठी, अजीत यादव आदि का योगदान रहा।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## श्रद्धालुओं से करें विनम्र बर्तावः डीआईजी


एसपी के साथ मेला का जायजा लेते डीआईजी।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीआईजी चित्रकूटधाम मंडल बांदा अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में सोमवती भदई अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने को मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सोमवार को डीआईजी ने ड्यूटी में लगे पुलिस बल को श्रद्धालुओं से विन्रम बर्ताव करने व पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। भ्रमण दौरान पीआरओ डीआईजी मिथलेश कुमार सिंह, पीआरओ एसपी प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।

## रूस फिलहाल सबसे कमजोर, चीन वापस ले अपनी जमीन...

# ताइवान के राष्ट्रपति ने दे दी जिनपिंग को चुनौती

**ताइपेः ताइवान** के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने कहा है कि चीन सिर्फ उनको ही आंख दिखाता है, जबकि वह रूस से अपनी जमीन वापस नहीं ले पा रहा है। ताइवानी मीडिया के साथ एक इंटरव्यू में लाई ने कहा कि चीन ताइवान पर दावा करता है। चीन को क्षेत्रीय अखंडता के बारे में इतनी ही चिंता है तो उसे 19वीं शताब्दी के आखिर में चीनी राजवंश द्वारा रूस को दी गई से जमीन भी वापस लेनी चाहिए। ताइवान के राष्ट्रपति का ये बयान ऐसे समय आया है जब चीन ने उनके देश के खिलाफ बल प्रयोग के संकेत दिए हैं। खासतौर से लाई चिंग-ते के रुख पर चीन नाराजगी जताता रहा है। लाई को चीन अलगाववादी कहता है।



चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता रहा है। दूसरी ओर ताइवान की सरकार चीन के दावों को खारिज करती रही है। ताइवान की सरकार कहती है कि केवल द्वीप के लोग ही अपना भविष्य तय करने का अधिकार है। रविवार को देर रात आए इंटरव्यू में लाई ने 1858 की ऐगुन संधि का जिक्र किया। इस संधि के तहत चीन ने रूस के सुदूर पूर्व में रूसी साम्राज्य के लिए भूमि के एक विशाल क्षेत्र पर हस्ताक्षर किए थे, जो अमूर नदी के साथ वर्तमान सीमा का ज्यादातर हिस्सा बनाता है। चीन के किंग राजवंश ने अपने गिरावट के दौर में मूल रूप से संधि की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था लेकिन दो साल बाद पेकिंग के सम्मेलन में इसकी पुष्टि की गई। इसे चीन 19वीं शताब्दी में विदेशी शक्तियों के साथ असमान संधियों में से एक कहता है।


रूस इस वक्त कमजोर, चीन वापस ले अपनी जमीन

लाई ने कहा, 'चीन अपनी क्षेत्रीय अखंडता के लिए ताइवान पर कब्जा नहीं करना चाहता है। अगर यह क्षेत्रीय अखंडता के लिए है तो फिर वह रूस के कब्जा से अपनी जमीन को वापस क्यों नहीं लेता है। जिस जमीन को ऐगुन की संधि में हस्ताक्षर कर चीन ने रूस को दिया था। रूस तो आज के समय में अपने सबसे कमजोर दौर में है। ऐसे में चीन किंग शासन के दौरान हस्ताक्षरित ऐगुन की संधि को रूस को याद दिलाते हुए उससे अपनी जमीन वापस मांग ले। चीन ऐसा नहीं करता है तो साफ है कि वह क्षेत्रीय कारणों से ताइवान पर आक्रमण नहीं करना चाहता है।

लाई ने कहा कि चीन वास्तव में ताइवान पर अपने इरादों के साथ जो करना चाहता है, वह नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बदलना है। वह पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में आधिपत्य हासिल करना चाहता है और यही उसका वास्तविक उद्देश्य है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने लाई की टिप्पणी के पर जवाब नहीं दिया है। चीन की सरकार का कहना है कि ताइवान प्राचीन काल से ही चीनी क्षेत्र रहा है। किंग ने 1895 में एक अन्य 'असमान संधि' में ताइवान को जापान को सौंप दिया और 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के समय इसे चीनी सरकार को सौंप दिया गया। चार साल बाद ही माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों के साथ गृह युद्ध हारने के बाद चीनी सरकार ताइवान से भाग गई।

# स्पेस स्टेशन में जिस स्टारलाइनर में फंसी हैं सुनीता विलियम्स, उससे आ रहीं अजीब आवाजें, नासा भी परेशान

**वॉशिंगटनः बोइंग** का संकटग्रस्त स्टारलाइनर कैप्सूल तकनीकी खराबियों के चलते जून से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसा हुआ है। स्टारलाइनर को लेकर अब एक नई जानकारी सामने आ रही है, जो कहीं ना कहीं चिंता को बढ़ सकती है। दरअसल स्टारलाइनर अजीबोगरीब आवाजें निकाल रहा है। शनिवार को नासा के अंतरिक्ष यात्री और सुनीता विलियम्स के साथी बुच विल्मोर ने ये अजीबोगरीब आवाजें सुनीं। ये आवाजें अंतरिक्ष यान के अंदर एक स्पीकर से आ रही थीं। भारतीय मूल की सुनीता और विल्मोर लंबे कैप्सूल में फंसे हुए हैं।



फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, विलमोर ने ह्यूस्टन में मिशन कंट्रोल से कहा, 'मेरे पास स्टारलाइनर को लेकर एक सवाल है। यहां स्पीकर से एक अजीब सी आवाज आ रही है। मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि यह आवाज किस वजह से आ रही है। बातचीत के बाद विल्मोर ने मिशन कंट्रोल को इस आवाज सुनने के लिए तैयार किया। मिशन कंट्रोल ने भी फिर इस आवाज को सुना जो एक तरह की स्पंदनशील (वाइब्रेटाइल) आवाज थी। इस आवाज के पीछे की वजह का पता नहीं लगाया जा सका है।

आवाज के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं विल्मोर और मिशन के साथ बीच बातचीत में कह रहे हैं कि स्पेस कैप्सूल से आवाज क्यों आ रही हैं। इसका पता लगाना अब आप पर निर्भर है। अगर आपको समझ में आ जाए तो हमें कॉल करें। इस अंतरिक्ष कैप्सूल में थ्रस्ट विफलताओं और हीलियम रिसाव की वजह से विल्मोर और सुनीता विलियम्स स्पेस स्टेशन में फंसा दिया है। तकनीकी कठिनाइयों के कारण उनका आठ दिन का मिशन आठ महीने तक बढ़ा दिया गया है। अब इन नई आवाजों ने नई चिंताओं को जन्म दे दिया है।

# पाकिस्तान सेना के घोटालों का बड़ा खुलासा, ठेके पट्टों से लेकर खरीद तक में घपला

**इस्लामाबादः पाकिस्तान** के डिफेंस सेक्टर में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के ऑडिटर जनरल (एजीपी) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि रक्षा सेवाओं में गंभीर वित्तीय अनियमितता, अपारदर्शी खरीद और गलत तरह से खर्च हुआ है। एजीपी ने साल 2023-24 के लिए रक्षा सेवाओं के खातों पर अपनी रिपोर्ट में ये खुलासा किया है। एजीपी ने 300 से ज्यादा पेज की रिपोर्ट में कई गंभीर मामले उजागर किए हैं। ऑडिट में 566.29 अरब रुपए के खर्च को शामिल किया गया। इसमें 2022-23 ऑडिट के दूसरे चरण के दौरान 335.63 अरब और 2023-24 ऑडिट के पहले चरण में 230.66 बिलियन रुपए शामिल हैं।

डॉन के मुताबिक, रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑडिट में रनिंग अकाउंट रिसीट्स (आरएआर) के माध्यम से कामों के पूरा होने से पहले अग्रिम भुगतान, वित्तीय शक्तियों का विभाजन, किराए और संबद्ध शुल्कों की वसूली न करना, लागू करों की कटौती न करना, सार्वजनिक खरीद नियमों का उल्लंघन, ए-1 भूमि नीति का पालन न करना और रक्षा सेवा विनियम को प्रमुख मुद्दों के रूप में पहचाना गया है। इसमें कहा गया है कि रक्षा सेवाओं को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मूल बजट में 1.563 ट्रिलियन रुपए आवंटित किए गए थे, जिसे बाद में पूरक अनुदानों के माध्यम से बढ़ाकर 1.592 ट्रिलियन रुपए कर दिया गया।



रिपोर्ट में बीते 40 साल का जिक्र

ऑडिट रिपोर्ट में पिछले 40 वर्षों में ऑडिट आपत्तियों के साथ रक्षा संरचनाओं की खराब अनुपालन दर पर चिंता व्यक्त की गई है। कहा गया है क खातों को नियमित करने के प्रयास अपर्याप्त हैं। 1985 से एक सारणीबद्ध रिकॉर्ड देते हुए एजीपी ने उल्लेख किया, 'रक्षा मंत्रालय ने 1974 में से संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के 659 निर्देशों का अनुपालन किया, जो दशार्ता है कि पीएसी निर्देशों का अनुपालन बहुत धीमा है। रक्षा उत्पादन मंत्रालय का प्रदर्शन भी बेहतर नहीं था, उसने 372 पीएसी निर्देशों में से केवल 109 का अनुपालन किया।' सेना संरचनाओं के ऑडिट के दौरान रिकॉर्ड से यह देखा गया कि खरीद नियमों का उल्लंघन करके की गई थी।

कुछ मामलों में पारदर्शी बोली प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए खरीद और अनुबंध पसंदीदा ठेकेदारों या आपूर्तिकताओं को दे दिया गया।

एजीपी ने बताया कि विभागीय लेखा परीक्षा समिति (डीएसी) ने जिम्मेदारी तय करने के लिए उचित रूप से जांच या तथ्य-खोज जांच आयोजित करने की सिफारिश की थी। डीएसी ने यह भी निर्देश दिया कि व्यय को सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमित किया जाए। हालांकि, वार्षिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रकाशित होने तक कई महीनों तक इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया था।


# ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीयों को शरण मिलने के चांस चीन एवं पाकिस्तान से भी कम

**लंदनः अमेरिका** और ब्रिटेन में भारतीयों के आने और शरण की मांग करने वालों की बढ़ती संख्या ने इन देशों में इमिग्रेशन नीति पर ध्यान केंद्रित किया है, जो पहले से ही शरण की चाह रखने वाले लोगों की बड़ी संख्या के मामले निपटाने के बोझ से दबे हुए हैं। भले ही यूके और यूएस की सरकारें कुछ लोगों को ही ठहरने की अनुमति देती हैं लेकिन निष्कासन की कार्यवाही अनिश्चित काल तक खींच सकती है। इससे प्रवासियों को इन देशों में लंबे समय तक रहने की अनुमति मिल जाती है। द इंडियन एक्सप्रेस ने यूके के डेटा के आधार पर पाया है कि शरण चाहने वाले शीर्ष 15 देशों में भारतीयों को राहत मिलने की सबसे कम संभावना (6-9%) है। उसके बावजूद भारतीय यूएस और यूके में लंबे समय रुके रहते हैं।

इंड्यन एक्सप्रेस की रिपोर्ट कहती है कि भारतीय शरण मिलने के मौकों के हिसाब से पड़ोसी देश चीन (18-24%), पाकिस्तान (53-55%) और ईरान (77-86%) से पीछे है।

# चीन में नई ऊर्जा वाहनों और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के उपाय और उपलब्धियां

**बीजिंग। इक्कीसवीं** सदी की महान उपलब्धियों की बात की जाये तो इलेक्ट्रिक व्हीकल का ज़िक्र होना तय है। पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और मानव सभ्यता को आगे बढ़ाने में नये ऊर्जा वहनों यानी एनईवी का बड़ा योगदान है। इस महान कार्य में अपनी भागीदारी देने के लिए यूं तो कई देश हैं, परंतु चीन सबसे आगे है।




हाल ही में चीन में नये ऊर्जा वाहनों की खुदरा बिक्री में वृद्धि जारी है, जुलाई के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि बिक्री 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जो पहली बार पारंपरिक यात्री वाहनों की बिक्री को पार कर गई है।

एनईवी चीन में उपभोक्ताओं के बीच अधिक मान्यता प्राप्त कर रहे हैं। चाइना पैसेंजर कार एसोसिएशन के अनुसार, जुलाई 2024 में ऐसे वाहनों की लगभग 8,78,000 इकाइयां बेची गईं, जो साल दर साल 36.9 प्रतिशत अधिक हैं।

चीन ने नये ऊर्जा वाहनों के विकास को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो इसे दुनिया के सबसे बड़े एनईवी बाजारों में से एक बना रहे हैं। चीन की सरकार ने एनईवी के विकास को बढ़ावा देने के लिए भारी प्रोत्साहन दिए हैं। इन प्रोत्साहनों में कर में छूट, सब्सिडी, और एनईवी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने पारंपरिक पेट्रोल और डीजल वाहनों के उत्पादन और बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाकर एनईवी के विकास को और तेज किया है।

इसके अलावा, चीन ने अपने "मेड इन चाइना 2025" कार्यक्रम के तहत, एनईवी की निर्माण और बिक्री को प्राथमिकता दी है। इसका उद्देश्य स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाना और वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में चीन की भागीदारी को बढ़ाना है।

चीन ने बैटरी तकनीक में भी कई महत्वपूर्ण नवाचार किए हैं, जो एनईवी के दक्षता और प्रदर्शन को सुधारने में मदद कर रहे हैं। लिथियम-आयन बैटरी के क्षेत्र में चीनी कंपनियों ने बड़ी प्रगति की है, जिससे वाहनों की रेंज और चार्जिंग स्पीड में सुधार हुआ है।

इसके अतिरिक्त, चीनी कंपनियां स्वचालित और स्मार्ट ड्राइविंग तकनीकों का विकास कर रही हैं, जो एनईवी को और अधिक उन्नत तथा सुरक्षित बना रही हैं। ये नवाचार चीन के एनईवी को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

एनईवी के विकास में चार्जिंग स्टेशन का बुनियादी ढांचा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चीन ने इस दिशा में भी बड़े कदम उठाए हैं। पूरे देश में चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति

द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज

1/6C माधव कुंज

कटरा प्रयागराज से मुद्रित

एवं

क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान

झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश

से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# शेख हसीना के हटते ही 15 साल बाद ऐक्शन में पाकिस्तानी, शहबाज ने यूनुस को किया फोन

**ढाकाः पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले दिनों बांग्लादेश के कार्यकारी प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के सत्ता संभालने के बाद उनको पहली बार फोन किया। दोनों में काफी देर तक बातचीत हुई। शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहने के दौरान 15 साल तक पाकिस्तान और बांग्लादेश के रिश्ते रसातल में चले गए थे। शेख हसीना ने पाकिस्तान समर्थक गुटों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया था। पाकिस्तान ने कई बार कोशिश की कि शेख हसीना उसे राहत दे दें लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद पाकिस्तान फिर से हरकत में आ गया है। बांग्लादेश में काम कर चुके पाकिस्तान के कई वरिष्ठ राजनयिकों ने अब शहबाज सरकार के लिए एक रणनीतिक पेपर बनाया है। पाकिस्तान का यह प्लान भारत की टेंशन बढ़ा सकता है। पाकिस्तान सरकार जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार और आतंकी गतविधियों को और तेज कर सकती है।

# दक्षिण अफ्रीका की ब्यूटी क्वीन बनीं मिस यूनिवर्स नाइजीरिया, नागरिकता को लेकर आया था विवाद

**एबूजाः मिस** यूनिवर्स नाइजीरिया का ताज 23 साल की चिदिम्मा एडेत्शिना को पहनाया गया है जो कानून की छात्रा हैं। राष्ट्रीयता को लेकर आलोचना और विवाद के बाद उन्होंने मिस साउथ अफ्रीका प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया था।



दक्षिण अफ्रीका के सोवतो में वह पैदा हुईं। उनके पिता एक नाइजीरियाई और मां मोजाम्बिक की हैं। एडेत्शिना शुरू में मिस साउथ अफ्रीका में फाइनलिस्ट थीं। लेकिन उनकी भागीदारी की आलोचनाएं होने लगीं। आलोचकों ने उनकी मिश्रित विरासत के कारण उनकी योग्यता पर सवाल उठाए।

विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि दक्षिण अफ्रीका के गृह मामलों के विभाग को जांच भी करनी पड़ गई। इस जांच में चिदिम्मा एडेत्शिना की ओर से कोई भी गलत काम करते नहीं पाया गया।

# हम चुप नहीं रहेंगे, हमास से हिसाब चुकता करेंगे : नेतन्याहू

**यरूशलम। गाजा** पट्टी में छह बंधकों के शव मिलने के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास पर संभावित युद्धविराम समझौते को विफल करने का आरोप लगाया है।



एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में नेतन्याहू ने बातचीत से इनकार करने के लिए आतंकवादी समूह की निंदा की और उन्हें जवाबदेह ठहराने की बात कही।

द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और बंधकों को छुड़ाने के प्रयासों के लिए इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट सुरक्षा सेवा की प्रशंसा की।

नेतन्याहू ने पोस्ट में लिखा, "जिसने भी हमारे लोगों की हत्या की है, हम कोई समझौता नहीं चाहते।" उन्होंने आगे कहा, "हम उन्हें खोजकर लाएंगे और उनसे हिसाब लेंगे।" इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा, "हम आराम नहीं करेंगे और चुप भी नहीं रहेंगे। हम तुम्हारा पीछा करेंगे, तुम्हें पकड़ेंगे और हिसाब चुकता करेंगे।" नेतन्याहू ने बंधक बनाए गए शेष लोगों को मुक्त करने की इजरायल की प्रतिबद्धता दोहराई तथा "वास्तविक वार्ता" में शामिल होने से लगातार इनकार करने के लिए समूह की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि इजरायल ने अमेरिका के समर्थन से 27 मई 2023 को बंधकों की रिहाई के समझौते पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन हमास ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

16 अगस्त को एक सौदे को भी समूह ने ठुकरा दिया।

इससे पहले रविवार को आईडीएफ ने गाजा के राफा में एक सुरंग से दो महिलाओं सहित छह बंधकों के शव बरामद होने की घोषणा की थी। इजरायली विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीड़ितों की पहचान हर्श गोल्डबर्ग, ईडन येरुशालमी, कार्मेल गाट, अल्मोग सारूसी, एलेक्स लुब्नोव और ओरी डैनिनो के रूप में हुई है।

# एमपॉक्स : पाकिस्तान में चौथा मामला सामने आया, फिलीपींस में तीन और मामले आए सामने

**पाकिस्तान। पाकिस्तान** में रविवार को घातक एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया, जिससे इस वायरस से पीड़ित लोगों की कुल संख्या 4 हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने इस संक्रामक बीमारी को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था।


मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पेशावर निवासी 47 वर्षीय व्यक्ति को खाड़ी क्षेत्र से लौटने के बाद वायरस से संक्रमित पाया गया, फिलहाल उसे आइसोलेशन में रखा गया है।

देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा मरीज में एमपॉक्स संक्रमण की पुष्टि की गई थी।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डॉ. इरशाद अली रोगानी ने कहा कि व्यक्ति की हालत स्थिर है और पुलिस एवं सेवा अस्पताल (पीएसएच) में उसका इलाज चल रहा है।

उन्होंने कहा, "अभी तक कोई स्थानीय मामला सामने नहीं आया है।"

उन्होंने आगे कहा कि प्रांत के स्वास्थ्य विभाग ने "एमपॉक्स के लिए एक एकीकृत निगरानी और प्रतिक्रिया प्रणाली बनाई है।"




16 अगस्त को पाकिस्तान में 34 वर्षीय एक व्यक्ति में एमपॉक्स का पहला संदिग्ध मामला सामने आया, जो हाल ही में सऊदी अरब से लौटा था। स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह क्लैड 2 स्ट्रेन था, जो 2022 के प्रकोप के लिए भी जिम्मेदार था।

पेशावर एयरपोर्ट के अधिकारियों ने पिछले हफ्ते देश में दूसरे मामले की पुष्टि की थी।

शनिवार को बाचा खान इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर चिकित्सा कर्मियों द्वारा दो यात्रियों में एमपॉक्स वायरस के लक्षण पाए जाने के बाद तीसरे मामले का पता चला।

संघीय स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. शबाना सलीम ने कहा कि "यह इस वर्ष पाकिस्तान में दर्ज किया गया पांचवां एमपॉक्स मामला है और डब्ल्यूएचओ द्वारा एमपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद से यह चौथा मामला है।"

ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सलीम ने विशेष रूप से खाड़ी देशों से आने वाले यात्रियों के बीच सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया।

हालांकि एमपॉक्स के मामलों का प्रकार अभी भी अज्ञात है, फिर भी अधिकारियों ने देश भर के हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल बढ़ा दिए हैं।

नए संक्रमण ऐसे समय में सामने आए हैं, जब अफ्रीका एमपॉक्स के एक और प्रकोप से जूझ रहा है, जो मुख्य रूप से अधिक घातक क्लैड आईबी वेरिएंट के कारण है।

इस बीच फिलीपींस में भी तीन और मामले सामने आए हैं, जिससे इस साल सक्रिय मामलों की संख्या आठ हो गई है। मनीला टाइम्स ने बताया कि मेट्रो मनीला में दो और कैलाबारजोन क्षेत्र में एक मामला पाया गया।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तीनों मामले हल्के एमपीएक्सवी क्लैड 2 वैरिएंट से संबंधित हैं।